Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 59 | मंगलवार, 03 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# भारत-कनाडा अच्छे दोस्त

## मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद बोले पीएम मोदी, पश्चिम एशिया के हालात पर कही बड़ी बात

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत दौरे पर हैं। सोमवार को उनकी मुलाकात दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई। राष्ट्रीय राजधानी के हैदराबाद हाउस में दोनों नेता मिले। इस दौरान दोनों नेताओं ने हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचवाई और फिर उनके बीच द्विपक्षीय मीटिंग भी हुई। प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच व्यापार, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अहम समझौते हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कनाडा को भारत का अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में सकारात्मकता आई है, इसका श्रेय पीएम कार्नी को जाता है। कनाडा के पीएम कार्नी ने कहा कि भारत पिछले एक दशक में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली इकोनमी बना है।

### पश्चिम एशिया पर पीएम मोदी ने क्या कहा

पीएम मोदी ने मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी प्रतिक्रिया दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है।

हम डायलॉग और डिप्लोमेसी की बात करते रहे हैं। इन देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए इन देशों के साथ संपर्क में बने रहेंगे।




### भारत-कनाडा में हुई ये डील्स, क्या बोले पीएम

पीएम मोदी और कार्नी के बीच दिल्ली में अहम बैठक हुई। इस दौरान क्रिटिकल मिनरल्स, रिन्यूएबल एनर्जी और संस्कृति पर करार हुए। CEPA पर टर्म ऑफ रेफरेंस को लेकर अहम फैसला हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि कनाडा-भारत के संबंधों में सकारात्मकता आई है, इसका श्रेय पीएम कार्नी को जाता है। 2030 तक व्यापार 50 बिलियन तक करने का लक्ष्य है।

हमने इंडिया कनाडा डिफेंस डेवलपमेंट डायलॉग करने का फैसला लिया है। हम कनाडा की यूनिवर्सिटीज के भारत में कैंपस खोलने पर राजी हुए हैं।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- क्रिटिकल मिनरल्स, रिन्यूएबल एनर्जी और संस्कृति पर करार।
- CEPA पर टर्म ऑफ रेफरेंस को लेकर डॉक्यूमेंट।
- संबंधों में सकारात्मकता आई है, इसका श्रेय पीएम कार्नी को जाता है- पीएम मोदी।
- 2030 तक व्यापार 50 बिलियन तक करने का लक्ष्य।
- हमने इंडिया कनाडा डिफेंस डेवलपमेंट डायलॉग करने का फैसला लिया है।
- हम कनाडा की यूनिवर्सिटीज के भारत में कैंपस खोलने पर राजी हुए हैं।

### द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई दिशा

इस बैठक में दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच एक 'ठोस एजेंडे' के तहत व्यापक वार्ता हुई। ये मुलाकात दोनों पक्षों की ओर से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों को और मजबूत करेगी।

2023 में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए राजनयिक विवाद के बाद भारत-कनाडा के संबंधों में गतिरोध पैदा हो गया था।

दोनों देशों में रिश्ते बिगड़ने लगे थे। हालांकि, अब स्थिति अलग है।

## उड़ते प्लेन में पायलट सीट पर सोते दिखे वीएसआर वेंचर्स के मालिक, जय पवार ने पोस्ट किया वीडियो, मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे जय पवार ने अपने पिता को एक दुखद विमान दुर्घटना में खोने के कुछ दिनों बाद, वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित विमान संचालन में सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक का आरोप लगाया है। जय ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें कथित तौर पर एक व्यक्ति उड़ान के दौरान मुख्य पायलट की सीट पर सोता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस घटना को चौंकाने वाला बताया और डीजीसीए से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने विमानन नियामक से वीएसआर वेंचर्स द्वारा संचालित सभी विमानों को प्रतिबंधित करने और कंपनी के सुरक्षा प्रोटोकॉल की व्यापक जांच शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने वीएसआर वेंचर्स के मालिक की गिरफ्तारी की भी मांग की और कंपनी को कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया। गौरतलब है कि अजीत पवार भी वीएसआर वेंचर्स के ही विमान में सवार थे जब बारामती में लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। जय पवार का कहना है कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई और गहन जांच आवश्यक है। जय ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने अपने पिता को खो दियाङ्ग यह दर्द हमारे साथ जीवन भर रहेगा। इस वीडियो में, वीएसआर के मालिक रोहित सिंह उड़ान के दौरान मुख्य पायलट की सीट पर सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। हवा में इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। यह बेहद गंभीर और चौंकाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि मैं डीजीसीए से इस मामले में तत्काल और सख्त कार्रवाई की पुरजोर मांग करता हूं। पूरी जांच होने तक वीएसआर के सभी विमानों को तुरंत ग्राउंडेड किया जाना चाहिए और रोहित सिंह को तुरंत गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह एक बेटे की दिल से की गई अपील हैङ्ग अपने पिता के लिए और हर यात्री की सुरक्षा के लिए।





### अजीत पवार विमान दुर्घटना

अजीत पवार को ले जा रहा एक छोटा चार्टर्ड विमान मुंबई से सुबह लगभग 8 बजे रवाना हुआ। लगभग 45 मिनट बाद, बारामती हवाई अड्डे के पास उतरने के प्रयास में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अजीत पवार के अलावा, विमान में चार अन्य लोग सवार थे और इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा। अजीत पवार के निधन के बाद, उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री चुनी गईं। कुछ दिनों बाद, उन्हें राष्ट्रीय कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) का प्रमुख भी बनाया गया।

## नितिन नवीन का एलान- भाजपा के सत्ता में आने पर इस्लामपुर का नाम ईश्वरपुर किया जाएगा

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया जाएगा। नवीन इस्लामपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेशियों को युवाओं-माताओं के अधिकार छीनने की इजाजत नहीं देगी। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि घुसपैठियों की वजह से राज्य के स्थानीय लोगों के हक प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के नागरिकों की सुरक्षा नहीं करना चाहतीं। नवीन ने दावा किया कि अगर चुनाव आयोग 50 लाख बांग्लादेशियों के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाता, तो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ घुसपैठियों को मिलता। उन्होंने कहा कि यह राज्य के वास्तविक लाभार्थियों के साथ अन्याय होता।



### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर साधा निशाना

उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने जिन लोगों के नामों की पहचान की है और जिन्हें हटाया गया है, उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह के कानून के तहत की जाएगी।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को बचाने की कोशिश में ममता बनर्जी ने काली पोशाक पहनकर सुप्रीम कोर्ट में दलील दी और अब उनके समर्थन में धरना देने की बात कर रही हैं।

## दिल्ली में महिला सशक्तिकरण का बड़ा कदम, सीएम रेखा गुप्ता ने दिया फ्री एलपीजी और बस यात्रा की सौगात

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली कार्यक्रम में महिला-केंद्रित कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें राशन कार्ड धारकों के लिए मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना और दिल्ली लखपति बिटिया योजना शामिल हैं। शिक्षा, गतिशीलता और घरेलू सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने घोषणा की कि लाडली-लाडली योजना के तहत 30,000 लड़कियों के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित कर दी गई है।

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने होली और दिवाली के अवसर पर राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान करने वाली योजना का भी शुभारंभ किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीवन के तीन पहलुओं को छूने का प्रयास हैः शिक्षा, गतिशीलता और घरेलू सशक्तिकरण। मैं दिल्ली की बेटियों को बधाई देता हूँ... सरकार की जाँच में पता चला कि 17.5 लाख लड़कियों के लिए 'लाडली-लाडली' योजना का पैसा सरकारी खातों में पड़ा हुआ था। इसलिए, पहले चरण में हमने 30,000 लड़कियों का पता लगाया और डीबीटी के माध्यम से 90 करोड़ रुपये दिए गए।



अधिकारियों के अनुसार, ये चार योजनाएँ हैंः 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड', मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना, दिल्ली लखपति बिटिया योजना और 'मेरी पुंजी मेरा अधिकार'। इस पहल के तहत, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड को राष्ट्रीय साझा गतिशीलता कार्ड (एनसीएमसी) ढांचे के अंतर्गत पेश किया जाएगा, जिससे पात्र महिलाओं और ट्रांसजेंडर निवासियों को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह कार्ड मेट्रो और क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आर.आई.एस.) में भी सशुल्क यात्रा की सुविधा देगा, जिसे एक ही टच-फ्री स्मार्ट कार्ड के माध्यम से किया जा सकेगा।

## खाड़ी के हालात को देखते हुए भारत सतर्क, पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते सुरक्षा हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से बातचीत कर यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद खाड़ी क्षेत्र के किसी नेता से प्रधानमंत्री की यह पहली बातचीत थी। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान कहा कि यूएई पर हुए हमले निंदनीय हैं और भारत इस कठिन समय में यूएई के साथ एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने हमलों में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। साथ ही यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए राष्ट्रपति का आभार जताया।

हम आपको बता दें कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने जवाबी कदम उठाते हुए यूएई की ओर सैकड़ों मिसाइल दागे। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में ईरान का नाम नहीं लिया, लेकिन यूएई पर हमलों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया। साथ ही कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भी पश्चिम एशिया के हालात को लेकर दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने चर्चा की। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी चर्चा की और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर बातचीत की।



इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खाड़ी सहयोग परिषद के सभी सदस्य देशों कुवैत, बहरीन, यूएई, कतर, सऊदी अरब और ओमान के अपने समकक्षों से संपर्क साधा। उन्होंने क्षेत्र में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर भारत की चिंताएं साझा कीं और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कुशलता पर चर्चा की।

रविवार देर रात दिल्ली लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडलीय सुरक्षा समिति यानि सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता भी की। यह समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। बैठक में पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति, भारत के सामरिक हितों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर विस्तार से विचार किया गया। क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने और सड़क मार्ग असुरक्षित माने जाने के कारण भारत सरकार ने ईरान और अन्य प्रभावित इलाकों में रह रहे भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। सरकार के सूत्रों के अनुसार, किसी भी संभावित निकासी अभियान को अंजाम देना अत्यंत जटिल होगा क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में करीब एक करोड़ भारतीय नागरिक फैले हुए हैं। भारत को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हवाई हमले कम होंगे, हालांकि रविवार को खामेनेई की मौत के बाद हमलों में तेजी आई। यूएई स्थित भारतीय दूतावास ने पुष्टि की कि ईरानी हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हुआ है, लेकिन उसकी हालत खतरे से बाहर है और उसे अस्पताल में आवश्यक सहायता मिल रही है।

दूसरी ओर, भारत में ईरानी दूतावास ने विश्व भर की स्वतंत्र और स्वतंत्रता समर्थक सरकारों से खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा करने और कथित अराजकता व आक्रामकता के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। हालांकि अभी तक भारत की ओर से खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त नहीं किया गया है।

## संपादक की कलम से

### दुनियाभर की साजिशों का शिकार एशिया

एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य सदियों से संघर्ष, हस्तक्षेप और साजिशों से घिरा रहा है। यह महाद्वीप न केवल जनसंख्या और संस्कृति का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से भी विश्व का सबसे समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। फिर भी, विडंबना यह है कि यही एशिया बार-बार युद्धों, अस्थिरता और गरीबी की आग में झोंका जाता रहा है। आज ईरान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव हो या कंबोडिया-थाईलैंड के बीच सीमा संघर्ष, ये घटनाएँ मात्र संयोग नहीं लगतीं। इनके पीछे एक व्यापक वैश्विक रणनीति काम करती दिखती है, जिसमें एशिया को अशांत रखकर बाहरी शक्तियाँ अपने हित साधती हैं। एशिया जले, और विकसित देशों की तिजोरियाँ भरें—यही इस राजनीति का नंगा सच है। ग्लोबल साउथ के देश संसाधनों से भरपूर हैं, लेकिन निर्णय-शक्ति से वंचित। तेल, गैस, कोयला, दुर्लभ खनिज, उपजाऊ भूमि और युवा जनसंख्या—सब कुछ होने के बावजूद ये देश कर्ज, बेरोजगारी और अस्थिरता में फँसे रहते हैं। इसका मूल कारण केवल आंतरिक कमजोरियाँ नहीं, बल्कि वह वैश्विक व्यवस्था है जो दशकों से इन्हें निर्भर बनाए रखने के लिए गढ़ी गई है। विकसित देशों ने औपनिवेशिक काल में जिस लूट की शुरूआत की थी, वही आज नए रूप में जारी है—कभी मुक्त व्यापार के नाम पर, कभी लोकतंत्र और मानवाधिकारों की आड़ में। ईरान-पाकिस्तान तनाव इसका ताजा उदाहरण है। ईरान पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है, जबकि पाकिस्तान लगातार विदेशी कर्ज और आर्थिक दबाव में जी रहा है। ऐसे में सीमा पर उभरता तनाव केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह जाता। बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता दोनों देशों को आमने-सामने खड़ा कर सकती है। यदि यह तनाव बढ़ता है, तो पूरे दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में ऊर्जा मार्ग बाधित होंगे। तेल और गैस की कीमतें बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ वैश्विक बाजारों पर नियंत्रण रखने वाली शक्तियों को मिलेगा। युद्ध भले एशिया में हो, लेकिन मुनाफा कहीं और दर्ज होगा। इतिहास गवाह है कि बाहरी ताकतें अक्सर स्थानीय विवादों को हवा देकर अपने हित साधती रही हैं। कभी वे मध्यस्थ बनकर सामने आती हैं, तो कभी सैन्य सहायता और सुरक्षा के नाम पर अपने ठिकाने स्थापित कर लेती हैं। अफगानिस्तान इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहाँ दशकों तक युद्ध चला, समाज टूट गया, और अंततः वही देश सबसे अधिक तबाह हुआ, जिसे ह्लमददह्व देने का दावा किया गया था। ऐसे ही हालात एशिया के अन्य हिस्सों में भी दोहराए जा रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में कंबोडिया-थाईलैंड विवाद भी इसी रणनीति की कड़ी प्रतीत होता है। सीमा क्षेत्रों में मौजूद मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को लेकर तनाव कोई नया नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें जिस तरह सैन्य रंग घुला है, वह चिंताजनक है। यह क्षेत्र दुर्लभ खनिजों से समृद्ध माना जाता है, जिनकी मांग नई तकनीकों और ऊर्जा परिवर्तन के दौर में तेजी से बढ़ रही है। जब दो पड़ोसी देश आपस में उलझते हैं, तो बाहरी शक्तियों के लिए हस्तक्षेप आसान हो जाता है। सैन्य सहायता, निवेश और कर्ज के बदले संसाधनों तक पहुँच बना ली जाती है। अंततः नुकसान स्थानीय जनता का होता है—पर्यावरण विनाश, विस्थापन और आर्थिक असमानता के रूप में। ग्लोबल साउथ की यह स्थिति अचानक नहीं बनी। बीसवीं सदी के मध्य से ही विकसित देशों ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को कच्चे माल के स्रोत और तैयार माल के बाजार के रूप में इस्तेमाल किया।



ललित शर्मा
संपादक

## युद्ध नहीं, शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा



ललित गर्ग
लेखक



नई बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा।

युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए। शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर समझदारी, प्रतिशोध के स्थान पर कूटनीति और वर्चस्व के स्थान पर साझी जिम्मेदारी-इन्हीं मूल्यों से विश्व को स्थिरता मिल सकती है। यह संघर्ष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और भू-राजनीतिक भी है। यूक्रेन संकट के बाद विश्व पहले ही ध्रुवीकरण की दिशा में बढ़ चुका था। अब यदि पश्चिम एशिया में स्थायी अस्थिरता पैदा होती है तो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संतुलन साधना कठिन हो जाएगा। भारत एक ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग भी मजबूत हुआ है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होना भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति के लिए जटिल प्रश्न बन सकता है।

भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे समय में भारत की भूमिका केवल एक प्रभावित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक संभावित मध्यस्थ और संतुलनकर्ता की भी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में बहुध्रुवीय कूटनीति की जो नीति अपनाई है, वह इसी प्रकार की जटिल परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। भारत ने एक ओर अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी को सुदृढ़ किया है, वहीं रूस से ऊर्जा सहयोग बनाए रखा है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित संबंध कायम रखे हैं। यह ह्यरणनीतिक स्वायत्तताह्न की नीति भारत को किसी एक खेमे में बंधने से बचाती है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे संवाद और शांति प्रयासों के लिए विश्वसनीय मंच प्रदान कर सकता है।

भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, जिसमें ईरान भी सदस्य बन चुका है। यह मंच वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करने का अवसर देता है। यदि भारत इस मंच के माध्यम से युद्धविराम, संवाद और बहुपक्षीय समाधान की पहल करता है, तो वह न केवल अपनी कूटनीतिक विश्वसनीयता बढ़ा सकता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता या सीमित प्रभाव के बीच मध्यम शक्तियों की भूमिका बढ़ना स्वाभाविक है। भारत, जो स्वयं उपनिवेशवाद और शीत युद्ध की राजनीति से सीख लेकर उभरा है, शांति-आधारित बहुपक्षवाद का पक्षधर बन सकता है। दूसरी ओर, दक्षिण एशिया में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक अस्थिरता का प्रभाव भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है और साथ ही दक्षिण एशिया में भी उथल-पुथल होती है, तो भारत को दो मोर्चों पर रणनीतिक सतर्कता रखनी होगी। आतंकवाद, कट्टरता और अवैध हथियारों का प्रसार ऐसे वातावरण में बढ़ सकता है। अतः भारत के लिए यह समय केवल आर्थिक प्रबंधन का नहीं, बल्कि सुरक्षा और कूटनीतिक संयम का भी है। समाधान क्या हो सकता है? प्रथम, युद्धविराम और संवाद की बहुपक्षीय पहल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वैश्विक शक्तियों को यह समझना होगा कि स्थायी शांति केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि राजनीतिक समझौते और पारस्परिक सम्मान से आती है। द्वितीय, ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोतों और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को तेज करना होगा, ताकि तेल-निर्भरता कम हो और भू-राजनीतिक संकटों का असर सीमित किया जा सके। तृतीय, वैश्विक संस्थाओं का पुनर्गठन आवश्यक है, ताकि वे केवल महाशक्तियों के प्रभाव का साधन न बनकर न्यायपूर्ण और प्रभावी मंच बन सकें। चतुर्थ, क्षेत्रीय संवाद मंचों-जैसे ब्रिक्स, जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत के लिए भी यह अवसर है कि वह ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की अपनी परंपरा को व्यवहार में उतारे। शांति, सहअस्तित्व और संवाद का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर ठोस कूटनीतिक पहलों में दिखना चाहिए। यदि भारत ऊर्जा विविधीकरण, रक्षा आत्मनिर्भरता, डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता है, तो वह वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिरता बनाए रख सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सक्रियता-चाहे वह बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी हो या क्षेत्रीय देशों के साथ प्रत्यक्ष संवाद-भारत की अस्मिता और हितों की रक्षा के प्रयास का संकेत देती है। निश्चित तौर पर युद्ध किसी भी देश के लिए स्थायी लाभ का माध्यम नहीं बन सकता। इतिहास गवाह है कि शक्ति-प्रदर्शन से अस्थायी विजय मिल सकती है, किंतु स्थायी शांति केवल न्याय, संवाद और सहयोग से ही आती है। नई बनती दुनिया को यदि स्थिर और मानवीय बनाना है, तो उसे हथियारों की दौड़ से आगे बढ़कर सहअस्तित्व की संस्कृति अपनानी होगी। भारत, जो स्वयं विविधता और सहिष्णुता का प्रतीक है, इस परिवर्तन का अग्रदूत बन सकता है। चुनौती बड़ी है, किंतु अवसर भी उतना ही व्यापक है-शर्त यह है कि विश्व नेतृत्व युद्ध की भाषा छोड़कर शांति की भाषा सीखे और भारत अपने संतुलित, स्वायत्त और दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस वैश्विक उथल-पुथल में स्थिरता का स्तंभ बने।

## दुनियाभर की साजिशों का शिकार एशिया



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य सदियों से संघर्ष, हस्तक्षेप और साजिशों से घिरा रहा है। यह महाद्वीप न केवल जनसंख्या और संस्कृति का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से भी विश्व का सबसे समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। फिर भी, विडंबना यह है कि यही एशिया बार-बार युद्धों, अस्थिरता और गरीबी की आग में झोंका जाता रहा है। आज ईरान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव हो या कंबोडिया-थाईलैंड के बीच सीमा संघर्ष, ये घटनाएँ मात्र संयोग नहीं लगतीं। इनके पीछे एक व्यापक वैश्विक रणनीति काम करती दिखती है, जिसमें एशिया को अशांत रखकर बाहरी शक्तियाँ अपने हित साधती हैं। एशिया जले, और विकसित देशों की तिजोरियाँ भरें—यही इस राजनीति का नंगा सच है। ग्लोबल साउथ के देश संसाधनों से भरपूर हैं, लेकिन निर्णय-शक्ति से वंचित। तेल, गैस, कोयला, दुर्लभ खनिज, उपजाऊ भूमि और युवा जनसंख्या—सब कुछ होने के बावजूद ये देश कर्ज, बेरोजगारी और अस्थिरता में फँसे रहते हैं। इसका मूल कारण केवल आंतरिक कमजोरियाँ नहीं, बल्कि वह वैश्विक व्यवस्था है जो दशकों से इन्हें निर्भर बनाए रखने के लिए गढ़ी गई है। विकसित देशों ने औपनिवेशिक काल में जिस लूट की शुरूआत की थी, वही आज नए रूप में जारी है—कभी मुक्त व्यापार के नाम पर, कभी लोकतंत्र और मानवाधिकारों की आड़ में। ईरान-पाकिस्तान तनाव इसका ताजा उदाहरण है। ईरान पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है, जबकि पाकिस्तान लगातार विदेशी कर्ज और आर्थिक दबाव में जी रहा है। ऐसे में सीमा पर उभरता तनाव केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह जाता। बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता दोनों देशों को आमने-सामने खड़ा कर सकती है। यदि यह तनाव बढ़ता है, तो पूरे दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में ऊर्जा मार्ग बाधित होंगे। तेल और गैस की कीमतें बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ वैश्विक बाजारों पर नियंत्रण रखने वाली शक्तियों को मिलेगा। युद्ध भले एशिया में हो, लेकिन मुनाफा कहीं और दर्ज होगा। इतिहास गवाह है कि बाहरी ताकतें अक्सर स्थानीय विवादों को हवा देकर अपने हित साधती रही हैं। कभी वे मध्यस्थ बनकर सामने आती हैं, तो कभी सैन्य सहायता और सुरक्षा के नाम पर अपने ठिकाने स्थापित कर लेती हैं। अफगानिस्तान इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहाँ दशकों तक युद्ध चला, समाज टूट गया, और अंततः वही देश सबसे अधिक तबाह हुआ, जिसे 'मदद' देने का दावा किया गया था। ऐसे ही हालात एशिया के अन्य हिस्सों में भी दोहराए जा रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में कंबोडिया-थाईलैंड विवाद भी इसी रणनीति की कड़ी प्रतीत होता है। सीमा क्षेत्रों में मौजूद मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को लेकर तनाव कोई नया नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें जिस तरह सैन्य रंग घुला है, वह चिंताजनक है। यह क्षेत्र दुर्लभ खनिजों से समृद्ध माना जाता है, जिनकी मांग नई तकनीकों और ऊर्जा परिवर्तन के दौर में तेजी से बढ़ रही है। जब दो पड़ोसी देश आपस में उलझते हैं, तो बाहरी शक्तियों के लिए हस्तक्षेप आसान हो जाता है। सैन्य सहायता, निवेश और कर्ज के बदले संसाधनों तक पहुँच बना ली जाती है। अंततः नुकसान स्थानीय जनता का होता है—पर्यावरण विनाश, विस्थापन और आर्थिक असमानता के रूप में। ग्लोबल साउथ की यह स्थिति अचानक नहीं बनी। बीसवीं सदी के मध्य से ही विकसित देशों ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को कच्चे माल के स्रोत और तैयार माल के बाजार के रूप में इस्तेमाल किया। औपनिवेशिक शासन खत्म हुआ, लेकिन आर्थिक संरचना नहीं बदली। आज भी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ कर्ज देती हैं, लेकिन बदले में ऐसी शर्तें थोपती हैं, जो इन देशों की नीतिगत स्वतंत्रता छीन लेती हैं। संसाधनों का निजीकरण, सब्सिडी में कटौती और आयात-निर्भरता—ये सब उसी जाल के हिस्से हैं। इस पूरी व्यवस्था में आंतरिक कमजोरियाँ भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष, जातीय और धार्मिक विभाजन इन देशों को भीतर से खोखला करते हैं। जब समाज बँटा होता है, तो बाहरी हस्तक्षेप और आसान हो जाता है। सत्ता में बैठे लोग अल्पकालिक लाभ के लिए दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों से समझौता कर लेते हैं। जनता की आवाज दब जाती है, और निर्णय कुछ गिने-चुने वर्गों तक सीमित रह जाते हैं। फिर भी, यह मान लेना कि ग्लोबल साउथ असहाय है, एक बड़ी भूल होगी। समाधान मौजूद हैं, बशर्ते इच्छाशक्ति हो। सबसे पहला कदम है क्षेत्रीय एकजुटता। एशिया के देशों को आपसी विवादों को संवाद और सहयोग से सुलझाना होगा। सीमा विवाद हों या संसाधनों का बँटवारा—इनका हल युद्ध नहीं, बल्कि साझा समझ में है। जब पड़ोसी देश एक-दूसरे के साथ खड़े होंगे, तो बाहरी ताकतों की गुंजाइश अपने-आप कम हो जाएगी। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है आर्थिक स्वावलंबन। संसाधनों पर वास्तविक नियंत्रण तभी संभव है, जब स्थानीय उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र मजबूत हों। केवल कच्चा माल निर्यात करने के बजाय मूल्यवर्धन पर जोर देना होगा। तकनीक का हस्तांतरण जरूरी है, लेकिन उत्पादन क्षमता देश के भीतर विकसित करनी होगी। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से कटना नहीं, बल्कि बराबरी के आधार पर जुड़ना है। पर्यावरणीय न्याय भी इस संघर्ष का अहम हिस्सा है। ऊर्जा परिवर्तन के नाम पर जिस तरह खनन बढ़ाया जा रहा है, उसका सबसे बड़ा बोझ आदिवासी और ग्रामीण समुदाय उठा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से भी वही देश सबसे अधिक प्रभावित हैं, जिन्होंने इसमें सबसे कम योगदान दिया है। ऐसे में वैश्विक मंचों पर न्यायपूर्ण हिस्सेदारी और जिम्मेदारी की माँग करना अनिवार्य है। सामाजिक स्तर पर भी बदलाव जरूरी है। शिक्षा प्रणाली में केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि इतिहास, राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था की समझ विकसित करनी होगी। मीडिया और सूचना तंत्र को सजग बनाना होगा, ताकि प्रोपेगैंडा और भ्रम से समाज को बचाया जा सके। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि स्थानीय समस्याएँ अक्सर वैश्विक संरचनाओं से जुड़ी होती हैं। अंततः, एशिया का भविष्य उसके अपने हाथों में है। यदि यह महाद्वीप लगातार टकराव और अस्थिरता में उलझा रहा, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। लेकिन यदि एशिया एकजुट होकर अपने संसाधनों, अपनी नीतियों और अपने समाज पर नियंत्रण स्थापित करता है, तो वैश्विक शक्ति संतुलन बदल सकता है। यह समय केवल प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और ठोस कदम उठाने का है। एशिया को अब किसी और की लड़ाई का मैदान बनने से इनकार करना होगा। संसाधन हमारे हैं, जनता हमारी है और भविष्य भी हमारा होना चाहिए। ग्लोबल साउथ को दया नहीं, न्याय चाहिए; हस्तक्षेप नहीं, सम्मान चाहिए। यही संघर्ष की असली दिशा है, और यही एक न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था की नींव बन सकती है।

## ग्रामीण क्षेत्र डिजिटल ठगी के आसान और सुरक्षित लक्ष्य



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

2017 से 2023 के बीच रिटेल डिजिटल भुगतान में लगभग 51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2014 में डिजिटल भुगतान का देश की जीडीपी में योगदान लगभग 4.5 प्रतिशत था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष के अंत तक यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। देश में 90 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग करने लगे हैं, जिसके कारण प्रतिदिन अरबों रुपए का आनलाइन लेन-देन हो रहा है। 2021 से अब तक साइबर अपराधों में लगभग 400 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र और छोटे शहर डिजिटल ठगी के बड़े केंद्र बनते जा रहे हैं। कई शहरों और ग्रामीण इलाकों में साइबर सुरक्षा कमजोर होने के कारण ऐसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच वर्षों में 18 लाख शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सरकार ने लगभग 5500 करोड़ रुपए की ठगी रोकने का दावा किया है, लेकिन दूसरी ओर केवल 2024 में ही 23,000 करोड़ रुपए का साइबर फ्राड हो गया। इसके अलावा पिछले वर्ष भी लगभग 20,000 करोड़ रुपए की ठगी दर्ज की गई। भारत में लंबे समय से डिजिटल इंडिया मिशन चलाया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप करोड़ों लोग इंटरनेट और आनलाइन सेवाओं का उपयोग करने लगे हैं। रिपोर्टों के अनुसार देश में 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं और प्रतिदिन करोड़ों रुपए का डिजिटल भुगतान हो रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार इसी कारण भारत रियलटाइम पेमेंट मार्केट के रूप में तेजी से विकसित हुआ है। विशेष रूप से 2017 से 2023 के बीच रिटेल डिजिटल भुगतान में 51 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2014 में डिजिटल भुगतान का जीडीपी में 4.5 प्रतिशत योगदान था, जो इस वर्ष 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। हालाकि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ साइबर अपराधों की संभावनाएं भी उतनी ही तेजी से बढ़ी हैं। वर्तमान समय में साइबर अपराध और डिजिटल ठगी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। देश डिजिटल प्रगति का दावा कर रहा है, लेकिन इसके साथ अपराध भी बढ़ रहे हैं और डिजिटल सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। तकनीक के दुरुपयोग का स्तर इतना बढ़ गया है कि सुरक्षा एजेंसियों के लिए नियंत्रण कठिन हो रहा है। केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 से अब तक साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में साइबर सुरक्षा कमजोर होने के कारण वहां ऐसे मामलों में तेजी आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन तो हुआ है, लेकिन डिजिटल जागरूकता उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। रिपोर्टों के अनुसार उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में सस्ते स्मार्टफोन और सस्ते इंटरनेट के कारण डिजिटल उपयोग बढ़ा है, परंतु लोगों को डिजिटल सुरक्षा की पर्याप्त जानकारी नहीं है। इसी कारण लोग आनलाइन गेम, सट्टेबाजी और मनोरंजन के नाम पर चल रही धोखाधड़ी में फंस जाते हैं और साइबर अपराधियों का आसान शिकार बनते हैं। पिछले दो-तीन वर्षों में आनलाइन ठगी के कारण भारतीयों को लगभग 52,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 में ही साइबर अपराधों के कारण लोगों को 19,813 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और देशभर में 21 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं। इससे पहले 2024 में 19 लाख मामलों में 22,849 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। आज अधिकांश काम मोबाइल और इंटरनेट से होने लगे हैं। साइबर अपराधी केवल लोगों की छोटी-सी गलती का इंतजार करते हैं। लोग अनजाने में लिंक पर क्लिक कर देते हैं या निजी जानकारी साझा कर देते हैं और उनके बैंक खाते खाली हो जाते हैं। डिजिटल वित्तीय उपयोगों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण नुकसान बढ़ रहा है।

## प्रदुषण के विरूद्ध करना है लड़ाई

उदय किशोर साह

कविता



अरी ओ चंचल हवा आज कहाँ से हो आई
अपनी चेहरा तुम घुंघट दिन रात क्यूँ हो छुपाई
अब तो चेहरा अपनीदिखला जा मेरी बात मान
मत शरमाओ बन कर सदैव तुम नई मेहमान

सागार की लहरों से जब तुम मिल कर आती
शीतल हवा बन। मन को सुकुन दे सहलाती
कभी कभी तेरी मिजाज हो जाता है बदनाम
कभी मन्द मन्द वायु तो कभी बन जाती तुफान

आँधी तुफान जब बन कर धरा पे तुम हो आती
उजाड़ कर रख देती हो घर द्वार को तुम भाई
अगन को देती रहती हो तुँ हर पल उनका साथ
दीपक से ना करती हो तुँ सीधी सीधी कोई बात

माना कि तेरे बिना ये जीवन हो जाये सूना सूना
तुम ना होगी तो जग बन जायेगा पानी बिन चूना
पर तुम्हारे कुछ भाई है जो मन के हैं काले काले
जो प्राणी को नित्य बना रहें है अपने ही निवाले

सच है हम मानव भी कर रहें है तेरे साथ अन्याय
प्रदुषित तुम्हें कर हम बन गये पाप का पर्याय
कल कारखाने से नित्य कर रहें तेरे में विष वर्द्धन
विकास के नाम पर घोंट दिये जंगल का गर्दन

पर विडम्बना है कब आयेगा मानव जाति को ज्ञान
जहर से भर दिया है वायुमंडल में जमीं से आसमान
आओ प्रबुद्ध जन इस विन्दू पर करें आज विचार
बंजर भूमि पर वृक्ष रोपण का करें अब सहचार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गंगा तट पर 03 लाख पौधों को लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए वृहद वृक्षारोपण किया गया

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**वाराणसी(मिजार्मुराद)।** रामनगर डोमरीझ्रसुजाबाद वार्ड स्थित गंगा तट पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 350 बीघा जमीन पर 03 लाख पौधों को 01 घंटे में लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया ।इस अभियान में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी सहित उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकझ्रशिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने भी इस ऐतिहासिक अभियान में महाविद्यालय की निदेशक प्रो. कल्पलता पाण्डेय जी के नेतृत्व में भाग लिया। महाविद्यालय के सदस्यों ने प्रशासन द्वारा आवंटित सेक्टरझ्र23 में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता किया ।महाविद्यालय की निदेशक प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के द्वारा गंगा तट पर हरित पट्टी का निर्माण होगा। जिससे इस क्षेत्र का वातावरण हरा भरा और प्रदूषण मुक्त रहेगा तथा क्षेत्रीय लोगों को शुद्ध वायु का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के औषधीय तथा फलों के पौधों को लगाया गया है, जिससे लोगों को काफी लाभ होगा। महाविद्यालय से कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. प्रतिमा राय, डॉ. सूर्य प्रकाश वर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, डॉ. लक्ष्मी, वैशाली पाण्डेय, अंजलि विश्वकर्मा, अजय कुमार शुक्ला, मुकेश कुमार गुप्ता, सोफिया खानम, अल्पा तिवारी, शिव प्रकाश यादव, चंचल ओझा तथा छात्राओं सहित कर्मचारियों ने भाग लिया।

# पुलिस ने होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने हेतु पैदल मार्च किया गया

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बुलंदशहर।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार होली पर्व पर जनपद मे शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत अपने- अपने सर्किल के संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया तथा जनमानस के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षित होलिका दहन एवं होली मनाये जाने की अपील की गयी तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस फोर्स को निर्देश दिये गये है कि यदि कही भी आराजक तत्व/असामाजिक तत्वो के द्वारा त्यौहार के हर्ष उल्लास में किसी भी स्तर पर कोई 'अवांछनीय गतिविधियां की जाये तो उनसे सख्ती से निपटा जाये।

## भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का सदर विधायक सहित भाजपाईयों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**वेलकम इण्डिया (असदुल्लाह सिद्दीक)।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या के आवास (मौर्या लाज) पर सोमवार को सदर विधायक श्यामधनी राही सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ भेंटकर उनका स्वागत–अभिनन्दन किया तथा उन्हें उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दिया। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि दीपक मौर्य जी का नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा एवं नई दिशा प्रदान करेगा। इस दौरान भाजपा नेता सत्य प्रकाश राही , निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, आशीष शुक्ला अर्जुन लोधी, श्यामनन्दन लोधी, बाल गोविन्द पाठक, सन्दीप दूबे, मन्टू राम विश्वकर्मा, पंकज, सौरभ पाण्डेय, मिथुन यादव आदि ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

## सड़कों के निर्माण से आम नागरिकों को आवागमन में मिलेगी सुविधा: श्यामधनी राही

**सिद्धार्थनगर(असदुल्लाह सिद्दीकी )।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के लिए विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आयी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में 5 करोड़ 69 लाख 48 हजार की लागत से 5 प्रमुख मार्गों के नव निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्रीय जनता में हर्ष का माहौल है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने बताया कि जिन मार्गों का निर्माण किया जायेगा, उनमें सिकरी लकड़ा सम्पर्क मार्ग से के0जी0 बांध उत्तर ढाल से छोटे सचिवालय होते हुए वीरेन्द्र पाण्डेय के घर तक लकड़ा डीह सम्पर्क मार्ग, सिकरी लकड़ा से तुरकौलिया संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य, ककरही टड़िया गायघाट से तालभिरौना होते हुए खजूरडाड़ तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य, नगर पालिका सिद्धार्थनगर मार्ग से आवासीय परिसर होते हुए राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सिद्धार्थनगर के कार्यालय तक मार्ग तथा झंगटी से एसएसबी कैम्प सम्पर्क मार्ग के किमी–1 से झंगटी गांव तक मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण एवं किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

## महिला ने मासूम बच्ची के साथ नहर में लगाई छलांग, मासूम बच्ची की मृत्यु ग्रामीणों की सतर्कता से बची महिला की जान

**सिद्धार्थनगर(असदुल्लाह सिद्दीकी)।** पारिवारिक कलह से आहत एक महिला ने रविवार को अपनी तीन महीने की मासूम बच्ची को लेकर सरयू नहर में छलांग लगा दी। घटना में बच्ची की मृत्यु हो गई, जबकि ग्रामीणों की तत्परता से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने शव को परीक्षण हेतु भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के कपसिहवा गांव की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चम्पापुर निवासी अब्दुल करीम की पुत्री सहिदुननिशा का विवाह एक वर्ष पूर्व कपसिहवा निवासी मुस्तकीम से हुआ था। मुस्तकीम विदेश में रहते हैं। वहीं घर पर सास, ससुर और ननद के साथ महिला रहती थी। शनिवार की रात किसी बात को लेकर परिवार में विवाद और मार–पीट हुई। बताया जाता है कि विवाद से आहत होकर रविवार सुबह सहिदुननिशा अपनी तीन महीने की बच्ची को लेकर गांव के समीप बह रही सरयू नहर की ओर चली गई और अचानक छलांग लगा दी। नहर की गहराई अधिक होने से मासूम पानी में डूब गई। वहीं आस–पास मौजूद ग्रामीणों ने महिला को डूबते देख तत्काल प्रयास कर दोनों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला की स्थिति सामान्य बताई।

## एसएसबी ने पुलिस की संयुक्त टीम के साथ किया फ्लैग मार्च

**सिद्धार्थनगर(असदुल्लाह सिद्दीकी)।** होली पर्व एवं नेपाल में प्रस्तावित चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्र ककरहवा में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र में अपनी सक्रीय उपस्थिति जाहिर कर आम नागरिकों से शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही लोगों नेपाल में चुनाव के कारण आज 02.मार्च. से 05.मार्च.2026 तक भारत नेपाल सीमा बंद होने के बारे में जागरूक किया गया तथा लोगों से सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने के लिए जागरूक किया गया। संयुक्त बलों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतते हुए संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार एवं चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यह फ्लैग मार्च क्षेत्र में सुरक्षा, विश्वास एवं सामुदायिक समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## थाना दुधारा पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**संतकबीरनगर(मुहम्मद परवेज अख्तर)।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुधारा उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह, का0 अनुज कुमार, का0 सुमित राय, म0हे0का0 चांदनी सिंह ने मु0अ0सं0 46/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त आशीष पुत्र राम लौटन चौरसिया निवासी मुड़िला थाना बेलहरकला को कठिनईया नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 09.02.2026 को थाना दुधारा पर वादिनी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# यातायात पुलिस एवं क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा होली पर्व के ड्रिंक एण्ड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाया

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**बुलंदशहर।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार जनपद में होली पर्व के अवसर पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस एवं सीसी (क्रिटिकल कॉरिडोर) टीम द्वारा संयुक्त रूप से 'ड्रिंक एण्ड ड्राइव' के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों, संवेदनशील मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान संदिग्ध वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.03.2026 से अब तक यातायात पुलिस एवं सीसी टीम द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से कुल 619 वाहन चालकों को चैक किया जिनमें शराब पीकर वाहन चला रहे कुल 18 वाहन चालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 554 वाहनों के चलान किए गये। यह अभियान लगातार दिनांक 05.03.2026 तक जारी रहेगा। सभी लोगों से अपील की जाती है कि कोई भी शराब पीकर वाहन न चलायें।

## प्रगति उद्देश्य न्यास ने श्री राम संतोष गार्डन में होली मिलन समारोह आयोजित



नितिन शर्मा

**नूरपुर।** प्रगति उद्देश्य न्यास द्वारा क्षेत्र के गांव गौहावर में आयोजित होली मिलन समारोह चर्चा का विषय रहा। श्री राम संतोष गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने इसे एक उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के आयोजक इंजिनियर कविश राणा ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में कविश राणा ने कहा कि 'समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आपसी भाईचारे को मजबूत करें। होली का यह उत्सव हमें भेदभाव मिटाकर साथ चलने की प्रेरणा देता है।' उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फूलों से होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर सुधीर चौहान, यज्ञदत्त शर्मा, नरेश मुनीम, यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, अवनीश कुमार राणा, वीर सिंह, सचिन राणा, प्रेमपाल सिंह रवि, जैनेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, अशोक कुमार, रणवीर सिंह मुकेश कुमार शैलेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार योगेंद्र सिंह, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, राघव राणा, राम कुमार सिंह, सुनील कुमार सहित आदि मौजूदा रहे।

## प्रगति उद्देश्य न्यास द्वारा श्री राम संतोष गार्डन में होली मिलन समारोह आयोजित

**नूरपुर(नितिन शर्मा)।** प्रगति उद्देश्य न्यास द्वारा क्षेत्र के गांव गौहावर में आयोजित होली मिलन समारोह चर्चा का विषय रहा। श्री राम संतोष गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने इसे एक उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के आयोजक इंजिनियर कविश राणा ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में कविश राणा ने कहा कि 'समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आपसी भाईचारे को मजबूत करें। होली का यह उत्सव हमें भेदभाव मिटाकर साथ चलने की प्रेरणा देता है।' उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज सेवा के कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फूलों से होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर सुधीर चौहान, यज्ञदत्त शर्मा, नरेश मुनीम, यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, अवनीश कुमार राणा, वीर सिंह, सचिन राणा, प्रेमपाल सिंह रवि, जैनेंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, अशोक कुमार, रणवीर सिंह मुकेश कुमार शैलेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार योगेंद्र सिंह, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, राघव राणा, राम कुमार सिंह, सुनील कुमार सहित आदि मौजूदा रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत परिवार में मचा कोहराम

**बुगरासी(वेलकम इंडिया)।** अहार क्षेत्र से सटे थाना अनूपशहर के गांव रजापुर स्थित राजबाहे पर ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। थाना अनूपशहर के गांव बिरोली निवासी प्रदीप कुमार पुत्र बनारसी 34 वर्ष अपने ट्रैक्टर पर आटा चक्की लगाकर गांव गांव जाकर आटा पीसने का काम करता था ।दो दिन पहले अनेक गांवों में आटा पीसने के बाद देर शाम गांव रजापुर पहुंचा जहां से वह किसी रिश्तेदारी में फतेहपुर मड़ैया जा रहा था जभी उसका ट्रैक्टर राजबाहे में उतरकर पलट गया ।हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय आसपास कोई भी मौजूद नहीं था। थाना प्रभारी अहार भुवनेश कुमार ने बताया ईंट भट्ठे से मजदूरी कर लौट रहे मजदूरों ने ट्रैक्टर को पलटा देख फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फौरन नीचे दबे चालक को बहार निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही

# शिक्षिका प्रतिमा सिंह राज्य स्तर पर सम्मानित

## प्रतिमा सिंह ने, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग में उत्कृष्ट क्रियान्वयन, जिले का बढ़ाया मान

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**गया।** मध्य विद्यालय चिरैली की शिक्षिका प्रतिमा सिंह को शैक्षणिक सत्र 2025झ्र26 में प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) के प्रभावी एवं नवाचारपूर्ण क्रियान्वयन के लिए राज्य-स्तरीय विज्ञान एवं गणित मेले में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि पूरे गया जिले से केवल एक शिक्षिका का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया, और यह उपलब्धि मध्य विद्यालय चिरैली को प्राप्त हुई। यह सम्मान न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है। प्रतिमा सिंह ने कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षण पद्धति से आगे बढ़ाते हुए प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा से जोड़ा। उन्होंने गणित एवं विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को सरल प्रयोगों, मॉडल निर्माण और गतिविधि-आधारित अध्ययन के माध्यम से समझाया।

विद्यार्थियों को समूह कार्य, प्रस्तुति कौशल और विश्लेषणात्मक सोच के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जिज्ञासा का विकास हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजिव रंजन के सकारात्मक नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन ने इस पहल को मजबूती प्रदान की। उनके प्रोत्साहन एवं सहयोग से विद्यालय में शैक्षणिक नवाचार का वातावरण बना, जिसने शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतिमा सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय ने प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान तथा जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय ने यह सिद्ध किया कि समर्पित शिक्षण, टीम वर्क और सकारात्मक नेतृत्व से उत्कृष्ट परिणाम संभव हैं। राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिमा सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। साथ ही उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और नवाचारपूर्ण प्रयासों को राज्य स्तरीय संकलन में शामिल किए जाने की घोषणा भी की गई।

यह सम्मान न केवल एक शिक्षिका की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि प्रधानाध्यापक संजिव रंजन के नेतृत्व में मध्य विद्यालय चिरैली (गया) की पूरी टीम की सामूहिक सफलता का प्रतीक है।

# रामनवमी की श्री राम शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल होंगे बजरंगी: सुशील कुमार





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**माल।** संवाददाताःरामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद (बजरंग दल)की ओर से श्री राम शोभा यात्रा निकाली जाएगी।श्रीराम शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर नबीपनाह के पंचायत भवन में संगठन के जिला सह मंत्री सुशील की अध्यक्षता में अंतिम रूप दिया गया।

आपको बता दें कि,माल क्षेत्र के नबीपनाह गांव स्थित पंचायत भवन में सोमवार को आगामी रामनवमी के उपलक्ष्य में निकलने वाली विशाल श्रीराम शोभा यात्रा की बैठक कर रूप रेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चन्द्रभान सिंह गौरक्षा प्रमुख रहें ।शोभायात्रा में सनातन धर्म सभा और धार्मिक युवक मंडल के अलावा कई धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन सहयोग देंगे ।शोभायात्रा ऊंचा खेड़ा गांव में स्थित बजरंग बली मंदिर से शुरू होगी और क्षेत्र के मुख्य बाजारों से होती हुई माल पहुंचेगी। सुशील ने बताया कि,शोभायात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था कर रखी है। शोभायात्रा में भगवान राम के जीवन से जुड़ी झांकियां दर्शाई जाएंगी। गौरतलब है कि हर बार रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। इस बार भी हजारों की संख्या में शामिल होने की तैयारी है।

इस बैठक में यात्रा प्रमुख,राजेश हिंदू, जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष विनोद रावत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

## महिलाओं ने किया श्रृद्धा पूर्वक होली पूजन




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बुलंदशहर।** सनातनी महिलाओं ने श्रृद्धा पूर्वक होली पूजन किया और होलिका मैय्या से अपने परिजनों की कुशल मनौती मांगी। स्टेट हाइवे स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने होलिका दहन स्थल पर महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए परंपरागत रूप से होलिका मैय्या का पूजन किया। होली की परिक्रमा करते हुए होलिका मैय्या से अपने परिजनों की कुशल मनौती मांगी। होलिका दहन रात्रि में किया जायेगा। चंद्र ग्रहण लगने के कारण इस बार रंग बिरंगी होली मंगलवार

# शांति और एकता की अपील के साथ 37वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन

वेलकम इंडिया संवाददाता









**नई दिल्ली।** रविवार को कृपाल बाग में 37वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के सफलतापूर्वक समापन पर विश्व के प्रसिद्ध धार्मिक नेताओं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने शांति और मानव एकता की जरूरत पर जोर दिया। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में हुए दो दिन के इस सम्मेलन ने विश्व के जाने-माने आध्यात्मिक नेताओं और विदेशी प्रतिनिधियों को मानव एकता और विश्व शांति पर अपने विचार एक-दूसरे के साथ शेयर के लिए एक सांझा मंच प्रदान किया।

इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। जिसका आयोजन विश्व धर्म परिषद और मानव एकता सम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के 132वें प्रकाश पर्व के मौके पर किया गया, जिन्होंने पहला मानव एकता सम्मेलन फरवरी, 1974 में आयोजित किया था।

### एकता को पाने रास्ता है ध्यान-अभ्यास

'ध्यान-अभ्यास-एक खुशहाल जिंदगी की चाबी' विषय पर सेमिनार में अपने मुख्य प्रवचन में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने मानव एकता को विश्वभर में कायम करने के लिए ध्यान-अभ्यास करने के महत्व पर जोर दिया।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, 'इंसान होने के नाते, हमारे बाहरी धर्म, राष्ट्रीयता और विश्वासों में अंतर होने के बावजूद भी हम सब एक हैं। हमारे मनुष्य जीवन का एक ही लक्ष्य है और वो है अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना। इसी सोच के साथ, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने फरवरी, 1974 में आयोजित पहले मानव एकता सम्मेलन को एक वैश्विक मंच के तौर पर पूरी दुनिया के सामने पेश किया ताकि लोग एक ही जगह पर मिल-जुलकर बैठ सकें।'

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि, 'हमारे बाहरी रूप अलग-अलग होने के बावजूद भी एकता ही है, जो हमें इंसान होने के नाते एक-दूसरे से जोड़ती है। जब हम ध्यान-अभ्यास करते हैं और अपने अंदर पिता-परमेश्वर के दिव्य-प्रेम और रोशनी का अनुभव करते हैं, तो हम यह जान जाते हैं कि प्रभु की वही रोशनी बाकी सभी में मौजूद है, जिससे कि शांति और मानव एकता पूरे विश्वभर में फैलती है।'

'कृपाल-आध्यात्मिकता के प्रकाश स्तंभ' विशय पर आयोजित सेमिनार में अपने संदेश में, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने परम संत कृपाल सिंह जी महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि, 'परम संत कृपाल सिंह जी महाराज आध्यात्मिकता प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने लाखों लोगों को जिंदगी के तूफानों और चुनौतियों से निकालकर उन्हें ध्यान-अभ्यास के जरिए पिता-परमेश्वर का अनुभव कराया' विश्वभर में शांति और मानव एकता को बढ़ावा देने में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के बेमिसाल काम के लिए, सम्मेलन में आए अनेक धर्मगुरुओं ने उन्हें 'विश्व मानव एकता रत्न सम्मान' से सम्मानित किया।

### अन्य वक्ताओं का नजरियाः विश्वभर में शांति की स्थापना के लिए ध्यान-अभ्यास करें

37वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन में आमंत्रित अन्य वक्ताओं में जगत गुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य स्वामी दिलीप योगीराज जी, महंत श्री रवि प्रपन्नाचार्य जी, सैयद फरीद अहमद निजामी साहब, फादर बेंटो रोड्रिग्स, आचार्य येशी फुंटसोक, महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरी जी, श्री श्री भगवान आचार्य जी, रब्बी इजीकील इसाक मालेकर, श्री विवेक मुनि जी, फादर नॉर्बर्ट हरमन और गोस्वामी सुशील जी शामिल थे।

अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं में जस्टिस डोने (अफ्रीका), कैटालिना गुटिरेज (कोलंबिया), किम मैकक्रिस्टेल (ऑस्ट्रेलिया) और कार्लोस लोजानो (अमरीका) शामिल थे। इन सभी अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं ने इस बात पर अपने विचार शेयर किए कि जब दुनिया में अशांति बढ़ रही है तो ऐसे समय में ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता को अपने जीवन में ढालने की ज्यादा जरूरत है। उन्होंने दुनिया भर में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की लगातार कोशिशों की भी प्रशंसा की।

37वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन के मौके पर सावन कृपाल रूहानी मिशन ने समाज-सेवा के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

सम्मेलन के मौके पर 42वां मुफ्त नेत्र जाँच और मोतियाबिन्द ऑपरेशर शिविर लगाया गया, जो 22 फरवरी से 1 मार्च, 2026 तक चला। इस नेक काम को सफल बनाने के लिए, सावन कृपाल रूहानी मिशन ने नोएडा में स्थित आँखों के अस्पताल आई केयर के साथ पार्टनरशिप की, जिसमें इस अस्पताल ने अपने ऑपरेशन थिएटर, मेडिकल उपकरण, डॉक्टर्स और स्टाफ आदि उपलब्ध कराए। इसके अलावा, अमरीका से आए आँखों के डॉक्टर्स ने मरीजों को अपनी सेवा मुफ्त में प्रदान कीं।

पिछले कुछ सालों में समय-समय पर इन मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविरों का आयोजन कर सावन कृपाल रूहानी मिशन ने 25,000 से ज्यादा भाई-बहनों को नजर वापस दिलाने में मदद की है।

# व्यापारी नेता गणेश पहलवान की हत्या की साजिश रचने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में कस्बा गोवर्धन के व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष गणेश पहलवान की हत्या की साजिश रचने वाले 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई सोमवार देर रात महमदपुर चौराहे के आगे भूतपूर्व चेयरमेन खेमचंद के खेत के पास की गई जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बदमाश को दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान कोई भी घायल नहीं हुआ।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर 02 मार्च 2026 को रात करीब 22.51 बजे पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। इसी दौरान वांछित अभियुक्त अन्नू उर्फ अनुराग पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी दसविसा कस्बा व थाना गोवर्धन को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना गोवर्धन पर पूर्व से पंजीकृत मुकदमे के साथ-साथ मुअसं 102/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में नया अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त अन्नू उर्फ अनुराग का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध थाना गोवर्धन में मुअसं 391/2024 धारा 115(2)/191(2)/191(3) बीएनएस, मुअसं 333/2025 धारा 115(2)/117(2)/351(3)/352 बीएनएस, मुअसं 11/2026 धारा 109(1)/61(2)/3(5) बीएनएस तथा वर्तमान में दर्ज मुअसं 102/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर थाना गोवर्धन, उपनिरीक्षक अजय वर्मा प्रभारी स्वाट टीम, उपनिरीक्षक हरेन्द्र मलिक, हेड कांस्टेबल हरिजेन्द्र सिंह, दुर्गविजय सिंह, अखिल प्रताप सिंह, कांस्टेबल रिंकू चौधरी, राहुल बाल्यान, रमन चौधरी, योगेश कुमार, आशुतोष तथा सुनील कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त से पूछताछ जारी है तथा हत्या की साजिश से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है। जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# श्रीमद्भागवत कथा के समापन के भंडारे में शामिल हुए सपा नेता महेश चंद शर्मा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा (गोवर्धन)।** नैनूपट्टी स्थित माढा. चौथईया गाँव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश चन्द शर्मा उर्फ गोल्डी भैया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ।कार्यक्रम में ग्रामवासियों एवं आयोजक समिति द्वारा उनका पारंपरिक रूप से स्वाफा बांधकर और माल्यार्पण कर किया स्वागत सम्मान ।तो वही इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने समाजवादी पार्टी की पूर्व सरकार के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और किसान हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई थीं ।सभा को संबोधित करते हुए महेश चन्द शर्मा उर्फ गोल्डी भैया ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा आम जनता किसानों और युवाओं के हितों के लिए कार्य करती रही है ।उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार बनने पर गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का कार्य किया जाएगा तथा हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाएगा ।और सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।तो वही गांव में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के भंडारे में सभी श्रद्धालु और ग्रामीणों ने बड़े आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया ।इस मौके पर रवि शर्मा एडवोकेट मुन्ना प्रधान जिला अध्यक्ष किसान यूनियन नवल चौधरी जीतू ठाकुर सहित गांव के समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रामपुर पुलिस आपके द्वार के अंतर्गत बिजारखाता में होली के दृष्टिगत गोष्ठी का हुआ आयोजन



गुलजार आलम

**रामपुर (वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा 'रामपुर पुलिस, आपके द्वारह कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बा बिजारखाता में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत स्थलीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित सम्भ्रांत व्यक्तियों, व्यापारियों एवं ग्रामवासियों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया। रामपुर पुलिस द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न कराने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# अंर्तराष्ट्रीय कानून की धज्जियां उड़ा रहा हैं इजराइलः मोहिबुल्लाह नदवी

## रामपुर के सांसद ने भारत सरकार की नीति पर उठाये सवाल

गुलजार आलम




**रामपुर (वेलकम इंडिया)।** सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने प्रेस को जारी बयान में अंर्तराष्ट्रीय कानून की धज्जियां उड़ा है इजराइल पर भारत सरकार की चुप्पी चिंता जनक हैं। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने वैश्विक शांति और अंर्तराष्ट्रीय नियमों के बढते उल्लंघन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया हैं। उन्होने इजराइल द्वारा गाजा में किये जा रहे मानवीय नरसंहार और हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के सदंर्भ में हुई घटनाओं पर कड़ा रूख अपनाया हैं। सांसद ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहले ही इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ गिरफतारी वारंट और प्रतिबंधों की बात कही हैं। गाजा में महिलाओं और बच्चों का जिस तरह कत्लेआम किया जा रहा हैं वह पूरी मानवता के लिए शर्मनाक हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई और वहां की संप्रभुता पर हमलों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे कृत्य पूरी दुनिया को अस्थिरता की और धकेल रहे हैं। यह माइट इस राइट वाली स्थिति हैं जहां कानून का कोई सम्मान नहीं रह गया हैं। सांसद नदवी ने बड़े अफसोस के साथ कहा कि जहां पूरी दुनिया और इंसानियत के प्रति संवेदनशील लोग इस युद्व और हिंसा के खिलाफ हें वहीं हमारे देश के प्रधानमंत्री ने अब तक इस पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की हैं। उन्होने आहवान किया कि अगर दुनिया में कानून, शराफत और इंसानियत को बचाना हैं तो ताकतवर देशों की मनमानी पर लगाम लगानी होगी। उन्होने मांग करते हुए कहा कि भारत को अपनी ऐतिहासिक विदेश नीति और मानवीय मूल्यों पर अडिग रहते हुए मजलूमों के हक में और अंर्तराष्ट्रीय कानूनी की बहाली के लिए अपनी आवाज बुलन्द करनी चाहिए।

# छाता में प्रसिद्ध फूलडोल मेला 5 मार्च को



**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** बृज में होली का उत्सव पूरे चालीस दिन बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है, बसंत पंचमी से शुरू फाल्गुन पूर्णिमा पर इसका समापन हो जाता है ।इसी श्रृंखला में नगर के प्राचीन सिद्ध मंदिर चतुर्भुज महाराज मंदिर ने सैकड़ों वर्षों से चली आ रही होली के पावन अवसर पर फूलडोल मेले की परम्परा को सहेजे हुए रखा है। जिसमें यदुवंशी चौधरी वैश्य समाज द्वारा चौपाइयों का आयोजन किया जाता है, ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ चतुर्भुज भगवान को गीतों से रिझाते है, हजारों भक्तजन चौपाई देखने को मंदिर प्रांगण में उपस्थित होते है। गौरव अविरल शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया होली समापन के बाद चैत्र मास की दोज तिथि को ठाकुर जी को श्वेत श्रृंगार धारण कराया जाएगा, दिव्य फूलों से मंदिर को भव्य सजाया जाएगा, परंपरागत तरीके से महिलाओं द्वारा लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

# सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान के कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह



राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान के कार्यालय पर होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह से होलीमय हो गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधीर चौहान ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का पर्व है।

# रात्रिकालीन वाहन चेकिंग अभियान में सख्त कार्रवाई, 02 बसें सीज



गुलजार आलम

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे उपसंभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से कल रात्रि रात 10:00 बजे से आज प्रातः 6:00 बजे तक विशेष रात्रिकालीन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 02 बसों को सीज किया गया, जबकि 07 बसों का चालान किया गया।

# 03 दिवसीय मेले के दौरान श्रद्धालुओं हेतु की जाने वाली व्यवस्थाओं का डीएम एसएसपी ने लिया जायजा





वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** तहसील सिकंदराबाद के अंतर्गत गांव पचौता में स्थित बाबा लाला जय सिंह, बाबा देवी दास, बावरी बाबा एवं बाबा गद्दी के मंदिर बने हैं जहां पर प्रत्येक वर्ष होली पर्व के अवसर पर 03 दिवस का मेला लगता है। यहाँ के सिद्ध धाम की चमत्कारिक मान्यता होने के फलस्वरूप दूर दूर से श्रद्धालु लाखों के संख्या में दर्शन करने हेतु आते हैं। 03 दिवसीय मेले के दौरान श्रद्धालुओं हेतु की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को चारों मन्दिरों में दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए आने जाने के अलग अलग मार्ग बनाये जाए। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर अपने गंतव्य को वापस जा सके इसके लिए मेला क्षेत्र में निगरानी रखी जाए। पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात किये जाए। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसके लिए सजगता रखे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल चकिया का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## चकिया पैलेस में व्यापार मंडल की नई टीम ने ली शपथ, व्यापारियों के हितों की रक्षा का संकल्प









**वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह**

**चंदौली।** चकिया पैलेश मे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल चकिया के पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरी ने चकिया के अध्यक्ष विष्णु कुमार,महामंत्री मनोज चौहान और कोषाध्यक्ष अंकित मद्धेशिया सहित युवा अध्यक्ष दीपक चौहान,युवा महामंत्री हस्सन खान और कोषाध्यक्ष अमन मद्धेशिया सहित चकिया कमेटी के अन्य सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयो को भी शपथ ग्रहण कराया और चकिया के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन वर्मा को जिले का उपाध्यक्ष बनाने की भी घोषणा की आगे जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन मे कहा की चकिया के नये अध्यक्ष विष्णु कुमार और उनकी नई टीम जिले की टीम के साथ मिलकर कार्य करेगी और व्यापारीयों की समस्याओं के समाधान और उनके हितो की रक्षा करने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा की मेरा लक्ष्य है की जिले के सभी बाजारों के व्यापारीयों को एक साथ व्यापार मण्डल के साथ जोड़कर उनके मान और सम्मान की रक्षा की जाय और व्यापारियों के साथ होने वाले उनके उत्पीड़न और शोषण को एकजुट होकर रोका जाय जिले का व्यापार मण्डल व्यापारियों की व्यापारिक समस्याओं का समाधान कराने और उनके हितो की रक्षा करने के लिये दृढ़ सन्कल्पित है आगे जिलाध्यक्ष ने चकिया के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शुभकामनाएं देते हुये जिले भर के सभी व्यापारियों को होली और ईद कि बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि कैलाश आचार्य विधायक चकिया को व्यापार मण्डल के लोगो ने माल्यार्पण कर उन्हे सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने व्यापारियों को सम्बोधित करते हुये कहा की व्यापारी समाज का देश के विकाश मे सबसे अहम योगदान होता है और व्यापारी समाज प्रदेश और देश की आर्थिक रीढ़ होता है व्यापारियों की सुरक्षा के लिये सरकार दृढ़संकल्पित है स्थानीय जिला प्रशासन मै बैठे हुये लोगो से कहा की व्यापारियों का शोषण करने वालो को दण्डित किया जायेगा। विधायक ने आगे कहा की व्यापार मण्डल ने सभी वर्ग के व्यापारियों को एक साथ जोड़कर एक मंच पर लाने का जो कार्य किया है वह काबिले तारीफ है। विशिष्ट अतिथि गौरव श्रीवास्तव चेयरमैन चकिया ने कहा की मै भी एक व्यापारी हूँ मै व्यापारियों की पीड़ा को जानता हूँ मेरे समक्ष व्यापारियों की कोई भी समस्या आती है तो उसका समाधान कराने का कार्य करता हूँ और आगे भी कराने का पूरा प्रयास करुँगा,विशिष्ट अतिथि चंद्रेश्वर जायसवाल प्रदेश मंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहा की जिले का व्यापार मण्डल आज जिस प्रकार से जिले के हर बाजार के सभी वर्ग के व्यापारियों की व्यापारिक समस्याओं का समाधान करा रहा है उससे आज जिले का व्यापार मण्डल जिले के सभी व्यापारियों की आवाज बन चुका है। राजकुमार जायसवाल प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा की व्यापार मण्डल ही एक ऐसा संगठन है जिसके साथ जुड़कर व्यापारी समाज अपनी बातो को शासन प्रशासन मे मजबूती के साथ रखता है। प्रदेश संगठन मंत्री अशोक केशरी ने कहा की चकिया के सभी व्यापारियों ने जिस प्रकार से एकजुट होकर विष्णु कुमार को अध्यक्ष बनाने का कार्य किया है उसी प्रकार से आप सभी व्यापारी एक होकर व्यापार मण्डल के साथ मिलकर उत्पीड़न करने वालो का डटकर मुकाबला करे जिला एवं प्रदेश का संगठन आपके साथ हमेशा खड़ा रहेगा। कार्यक्रम को प्रदेश एव जिले के अन्य पदाधिकारीयो के साथ साथ वहा उपस्थित अन्य बाजारों के अध्यक्ष/पदाधिकारीयो ने भी सम्बोधित किया और अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम के अन्त मे मुख्य अतिथि साहित प्रदेश/जिले एव अन्य बाजारों से आये हुये अध्यक्ष /पदाधिकारीयो एवं स्थानीय थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित चौकी इंचार्ज सुनील कुमार का अध्यक्ष विष्णु कुमार सहित उनकी पूरी कमेटी ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्यापारी नेता कैलाश जायसवाल ने किया।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट, सामान में तोड़फोड़ का आरोप



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी एक महिला ने दो लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और घरेलू सामान क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को मोहल्ला रामनगर निवासी कविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर बैठी हुई थी। आरोप है कि तभी पड़ोस के दो लोग उसके घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उस पर ईंट फेंकी। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने घर के अंदर रखे घरेलू सामान में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित महिला ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## होली को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, सामाजिक तत्वों को चेतावनी




**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** होली के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने थाना प्रांगण में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें।बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, वहीं मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान महीना भी चल रहा है। ऐसे में दोनों समुदायों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत करना है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ पोस्ट, अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि छोटी-सी अफवाह भी बड़े विवाद का रूप ले सकती है, इसलिए सूचना मिलते ही तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा होली के दौरान शराब पीकर हुड़दंग मचाने, जबरन रंग लगाने या किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस टीमों को संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने तथा प्रमुख चौराहों और बाजारों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।अंत मे क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह शांति बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि होली का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और सुरक्षा के वातावरण में संपन्न हो सके।

## वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत, शिनाख्त के प्रयास जारी



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। शव की शिनाख्त नहीं होने पर जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन पर एक वृद्ध व्यक्ति खड़ा हुआ था, जैसे ही दिल्ली से सहारनपुर जा रही ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो वृद्ध व्यक्ति अचानक से ट्रेन के आगे आ गया। ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुए व्यक्ति को देखकर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस व 108 एंबुलेंस को दी 108 एंबुलेंस ने तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जान चिकित्सा कौन है ट्रेन से कटकर घायल हुए व्यक्ति को मृतक घोषित कर दिया। जानकारी होने पर जीआरपी पुलिस भी सरकारी अस्पताल पहुंच गई पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का घंटो प्रयास किया। मगर भारत व्यक्ति की कोई भी पहचान नहीं हो सकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भिजवा दिया है।

## सामाजिक समरसता का पावन पर्व है होली पूनम सिंह परिहार



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में स्वयं सेवी संस्था संदेश संस्था के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों व इलेक्ट्रिक व प्रिंट मीडिया के बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव डॉ पूनम सिंह परिहार ने सभी को होली की बधाई देते हुए संस्था द्वारा चलाई जा रही सभी परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। और कहां कि संस्था सदैव जनहित की आवश्यकता के लिए कार्य करती है जिसमे आप सभी क्षेत्रवासियों कर सहयोग व सुझाव अति आवश्यक हैं। आपके गांवों में स्वस्थ सेवाओं, स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों में बेसिक आवश्यकताओं की पूर्ति के सहयोग के लिए संस्था सदैव तत्पर रहती है। आज होली के शुभ अवसर पर हम सभी को एक दूसरे के प्रति शिकवे शिकायतों को हमेशा के लिए भुलाकर एक दूसरे के साथ आपसी प्रेम व समरसता की भावना रखनी चाहिये। हमें होली का पावन पर्व सामाजिक समरसता के रूप में मनाना चाहिए।

## दीवार निर्माण को लेकर हुई मारपीट, ग्रामीण घायल मुकदमा दर्ज

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी ग्रामीण के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन पुरुष व एक महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्ता निवासी ताहिर हसन ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत 23 फरवरी को पीड़ित अपनी दीवार पर ईट लगा कर निर्माण कर रहा था। पीड़ित का आरोप है की तभी पड़ोस के कई लोग आए और आते ही गाली गलौज कर पीड़ित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित को अपने घर में खींच लिया और उसके साथ धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला कर घायल कर उसके दांत तोड़ दिया, और सर में भी वार कर चोटिल किया। पीड़ित का आरोप है कि उसके पड़ोसी मुरसलीन की पत्नी हाथों में तलवार लेकर आई और उसे जान से मारने का भी प्रयास किया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद अपने पड़ोस के राशिद, सादिक, मुस्ताकीम, वह एक महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## होली पर पुलिस का तोहफा: 10 गुम मोबाइल बरामद, एसपी के निर्देशन में चला अभियान सफल



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** होली के अवसर पर हापुड़ पुलिस ने आमजन को बड़ा तोहफा देते हुए गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जनपद में गुम व चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना धौलाना पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है।भारत सरकार के सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अथक प्रयासों से करीब 2 लाख 50 हजार रुपये कीमत के 10 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए। आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए।होली जैसे पावन पर्व पर अपने गुम हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने हापुड़ पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें अपने खोए सामान की वापसी की उम्मीद कम थी, लेकिन पुलिस की तत्परता से यह संभव हो सका।पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि जनपद में साइबर अपराध और मोबाइल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## मो फैसल ने आठ साल की उम्र में किए आठ रोजे पूर्ण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** मो फैसल सलमान पुत्र मो सलमान जहीर सेमरियावां के निवासी हैं। अलहुदा पब्लिक स्कूल सेमरियावां कक्षा दो के छात्र हैं। नन्हे रोजेदारों मो फैसल ने 8 साल की उम्र में आठ रोजे पूरे किए हैं।घर के बड़े बुर्जुग काफी खुश हैं।

मो फैसल के माता पिता की प्रेरणा से आठ रोजा मुकम्मल किया। रोजा रखकर नियमित विद्यालय भी जाते है। बड़े बुजुर्गों का अनुसरण कर नमाज भी पढ़ता है।परिवार के सदस्य इस उम्र में रोजा रखने पर खूब उत्साह बढ़ाते है। जफीर अली करखी सहित तौफीक अहमद, नूर मो,मो सलमान,मो उस्मान ,मो खालिद,मो तारिक,मो सादिक ,शफीउर्रहमान,मो कैफ ,मो आजम आदि ने खूब आशीर्वाद दुआएं दीं।

# एढ़े खेल मैदान मे अधिवक्ता पर हुए हमले के खिलाफ अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा,उतरे सड़क पर किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

## खेल मैदान हमले के खिलाफ अधिवक्ताओं का उग्र विरोध,सड़क पर उतरे वकील





**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** अधिवक्ताओं पर हुए हमले मे घायल अधिवक्ता साथी को न्याय दिलाने के लिए काफी संख्या मे सड़क पर उतरे अधिवक्ता। लहुराबीर चौराहे से लेकर चेतगंज स्थित सेल टेक्स कार्यालय तक किया शांति पूर्ण तरिके से विरोध प्रदर्शन। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने घायल अधिवक्ताओं के साथ न्याय की मांग करते हुए जिला प्रसासन से मांग किया की जो लोग अधिवक्ता पर हमला किये है उनकी जल्द ही गिरफ्तारी हो और एढ़े खेल मैदान को सील किया जाए। सेल टेक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया की लालपुर पाण्डेयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एढ़े खेल मैदान मे बीते 26 फरवरी 2026 को दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन और सेल टेक्स बार एसोसिएशन के अधिकारियो सँग वार्षिक मैच का आयोजन किया गया था जहाँ रात मे मैत्री भोज के दौरान जेनरेटर को बंद कर दिया गया अधिवक्ता साथियो ने जब कर्मचारियों से कहा की जेनरेटर क्यों बंद हो गया तो कर्मचारियों ने कहा की हमें मालिक का आदेश है बंद करने के लिए जब हमलोग बोले की अपने मालिक से बात करवा दीजिये जिसके कुछ ही समय उपरांत ग्राउंड मे फोर वीलर से कुछ लोग आये और अधिवक्ताओं के साथ मारपीट करने लगे जैसे मानो पहले से यह सब कार्यक्रम तय रहा हो।

# बहरीन में गहराया संकट, जहांगीराबाद के दो परिवारों की अटकी सांसें


## मिसाइल हमलों के बीच घरों में परिवार हुआ कैद

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




जहांगीराबाद। खाड़ी देशों में बढ़ते युद्ध के उन्माद और मिसाइल हमलों की खबरों ने जहांगीराबाद के दो परिवारों की रातों की नींद उड़ा दी है। बहरीन में रह रहे अपने बेटों और मासूम पोते-पोतियों की सलामती के लिए परिजन पल-पल ईश्वर से दुआ कर रहे हैं। डर और अनहोनी की आशंका के बीच इन घरों में चूल्हे तक जलना मुश्किल हो गए हैं। जहांगीराबाद के ट्रांसपोर्टर सरदार मोनी सिंह और सतनाम कौर का बड़ा बेटा मनिंदर सिंह पिछले पांच वर्षों से सपरिवार बहरीन में रह रहा है। मनिंदर वहां एक प्रतिष्ठित कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वहीं, नगर के मंडी व्यापारी ओमदत्त शर्मा और शीला शर्मा का छोटा बेटा गौरव शर्मा भी उसी देश की एक नामी कंपनी में सीनियर मैनेजर की जिम्मेदारी संभाल रहा है। दोनों ही युवा अपने करियर में सफल हैं, लेकिन वर्तमान हालातों ने उनकी सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। गौरव शर्मा के भाई कपिल शर्मा उर्फ सोनू ने बताया कि रात गौरव से फोन पर बात हुई थी। गौरव ने बताया कि मिसाइल हमलों और तनाव के कारण वहां का माहौल बेहद डरावना है। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। कपिल के अनुसार गौरव ने बताया कि फिलहाल खाने-पीने की व्यवस्था तो है, लेकिन यदि हालात जल्द सामान्य नहीं हुए और सप्लाई चेन बाधित हुई, तो मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं। वहीं दूसरी तरफ सरदार मोनी सिंह का परिवार इस समय दोहरी मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। मनिंदर के साथ उसकी पत्नी और बच्चे भी बहरीन में हैं। परिजनों ने बताया कि उनका छोटा पौता बीमार है, जिसके चलते उनकी चिंता और बढ़ गई है।


# अपना दल एस में शामिल हो सकते है जनपद बुलंदशहर कई पूर्व विधायक



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** अपना दल एस में शामिल हो सकते है जनपद बुलंदशहर कई पूर्व विधायक। विधायकों को अपना दल एस में शामिल कराए जाने को लेकर अपना दल एस बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार से वर्चुअली बैठक मांगे दिशा निर्देश राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि पूर्व विधायकों का बायोडाटा बनाकर प्रदेश कार्यालय भेजे जनपद बुलंदशहर की राजनीति में हो सकता है बड़ा उलट फेरजिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा जल्द दी पूर्व विधायकों का बायोडाटा भेजा जाएगा प्रदेश कार्यालय मा राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन के उपरांत जल्द कराया जाएगा पार्टी में शामिल।

# गांवों में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, सफाई व्यवस्था ठप होने से लोग परेशान



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नरसेना।** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराने से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों की रातों की नींद हराम हो गई है और संक्रामक रोग फैलने की आशंका गहराने लगी है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी कदम न उठाए जाने से लोगों में नाराजगी है। क्षेत्र के नरेन्द्रपुर, नरसेना, रघुनाथपुर, पाली आनंदगढ़ी, सब्दलपुर, कमलपुर, ऊंचागांव मैढ़या, नंगला मदारीपुर, थाना गजरौला क्षेत्र के गांव, मवई, दौलतपुर कलां, बरवाला, गेसूपुर चंदयाना और घूंघरावली सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने शीघ्र प्रभावी सफाई अभियान चलाने और नियमित फॉगिंग कराने की मांग की है, ताकि संभावित बीमारियों से बचाव हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही और कई स्थानों पर गंदा पानी जमा है, जिससे मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शाम ढलते ही मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है और बच्चों व बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# होलिका दहन स्थलों का डीएम एसएसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(खुर्जा)।** सोमवार को होली पर्व के दृष्टिगत शांति/कानून-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत निर्धारित होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा होलिका समिति के पदाधिकारियों/सदस्यों से वार्ता कर व्यवस्थित तरीके से होलिका दहन के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निम्न निम्न दिशा निर्देश दिये गये- अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टिगत फायर सर्विस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए। होलिका समिति के पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई तथा किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु कहा गया। संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सतत गश्त सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव का व्यापारियों ने किया स्वागत



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) के समीप नेशनल हाईवे पर रविवार वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रहे सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री अरविंद राजभर का वैश्य समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी व्यापारी परिवार में जन्मे अग्नि वीर धीरज गुप्ता को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग की इस अवसर पर अरविंद राजभर के साथ गोरखपुर के रहने वाले भारत सरकार में संचार मंत्रालय में सदस्य मनोनीत हैं व्यापारी युवा नेता के रूप में प्रदेश में चर्चित शिखर गुप्ता का भी माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर दोनों नेताओं ने व्यापारियों एवं वैश्य समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि आपकी बात को मुख्यमंत्री एवं केंद्र सरकार तक रखेंगे और अग्नि वीर धीरज गुप्ता को शहीद का दर्जा एवं सम्मान दिलाने के साथ सरकारी योजनाओं से जुड़े लाभ को दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

# किठौर पुलिस की सटीक कार्रवाई: अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पदार्फाश

**वेलकम इंडिया (जाकिर तुर्क)**




**नरसेना।** मेरठ( वेलकम इंडिया )किठौर क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।यह मामला हसनपुर कलां गांव में ओवरसीज बैंक के समीप घटित हुआ था, जहां एक व्यक्ति से 60 हजार की नकदी ठगी गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 फरवरी 2026 को हसनपुर कलां निवासी रविंद्र अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। तभी दो अज्ञात युवकों ने जनसेवा केंद्र का पता पूछने के बहाने उन्हें बातचीत में उलझा लिया। अवसर का लाभ उठाकर आरोपियों ने बड़ी सफाई से उनकी पैंट की जेब से 60,000 निकाल लिए और कार से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर किठौर थाना में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया।

जांच के दौरान दो संदिग्धों की पहचान राधेश्याम निवासी ईस्ट गोविंद नगर, कल्याणपुरी, पूर्वी दिल्ली) तथा विशाल सागर (निवासी भोवापुर, कौशांबी, गाजियाबाद) के रूप में हुई।गठित टीम ने 28 फरवरी 2026 को पूर्वी दिल्ली के ईस्ट गोविंद नगर, कल्याणपुरी क्षेत्र से राधेश्याम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त Hyundai Eon कार (पंजीकरण संख्या DL4CAQ9397) तथा 2150 नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक संगठित गिरोह से जुड़ा है, जो ग्रामीण अंचलों के बैंकों के आसपास भोले-भाले लोगों को निशाना बनाता है। यह गिरोह नकली गड्डियों के ऊपर असली नोट लगाकर अथवा बैंक संबंधी औपचारिकताओं का बहाना बनाकर लोगों को ठगता है। गिरफ्तार आरोपी को विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि फरार साथी की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार प्रयासरत हैं।

# थैलेसीमिया मुक्त भारत मिशन अभियान की शुरूआत

**इंदौर(वेलकम इंडिया)।** मध्य प्रदेश थैलासीमिया वेलफेयर सोसाइटी थैलेसीमिया के खिलाफ अभियान लगातार चला रही है इसी के तहत आज दो दिवसीय थैलेसीमिया मुक्त भारत मिशन की शुरूआत की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित कृपा शंकर शुक्ला, संतोष साल्वे, उत्तम सिंह वालिया थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि थैलेसीमिया जानलेवा बीमारी है और इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने से ही बीमारी रुक सकती है प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने संस्था द्वारा पिछले 30वर्षो में चलाए गए अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि पहले सीमा रोड के बारे में पहले लोग जानते नहीं थे लेकिन संस्थान है इसके लिए जागरुकता फैलाई नहीं सरकार को भी योजना बनाने के लिए मजबूर किया सरकार से दवाए इंजेक्शन आदि टेक्स फ्री करने में भी सफलता हासिल की। थैलेसीमिया सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का शाल श्री फल मेमोटौ देकर सम्मानित किया। आज हुए इस कार्यक्रम में सभी ने थैलेसीमिया जेसी बीमारी को लैकर अपने विचार रखे ओर अपनी सजगता से थैलेसीमिया को लेकर जागरूकता रखना जरूरी बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजन और शहर के समाजसेवी ,सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आयोजन में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को किस तरह से सुरक्षित रखा जाए और उनका उपचार किस तरह से किया जाए इस पर विशेषज्ञ डॉक्टर प्राची चौधरी और डॉक्टर एस एस नैयर ने मार्गदर्शन भी दिया। थैलेसीमिया मुक्त अभियान में लगातार सहयोग करने वाली समाजसेवी श्रीमती शशि प्रभा बाकलीवाल, श्रीमती सरिता काला, श्रीमती श्वेता खनूजा और श्रीमती राजरानी जैन का भी सम्मान किया गया। थैलेसीमिया सोसाइटी के पदाधिकारी ने सभी अतिथियों का साल श्री फल मेमोटौ देकर सम्मानित किया। आज हुए इस कार्यक्रम में सभी ने थैलेसीमिया जेसी बीमारी को लैकर अपने विचार रखे ओर अपनी सजगता से थैलेसीमिया को लेकर जागरूकता रखना जरूरी बताया।

# राष्ट्र चेतना मिशन ने मनायी निर्धन बस्ती के बच्चों के साथ होली, बाँटे मिठाई और उपहार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**







**बुलंदशहर।** राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकताओं से हर साल की तरह इस बार भी अभावग्रस्त बस्ती की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मासूम बच्चों के साथ होली मनायी। झुग्गी बस्ती के सभी परिवारों को गुलाल, रंग, पिचकारी, गुझिया, मिठाई, फ्रूटी, बिस्कुट आदि गिफ्ट पैक बाँटकर होली की खुशियाँ साझा कीं। दर्जनों बच्चों ने संस्था के कार्यकताओं के साथ मस्ती के साथ नाचते हुए आनंद मनाया। सोमवार को होली के अवसर पर राष्ट्र चेतना मिशन के प्रमुख पदाधिकारी और दर्जनों कार्यकर्ता अनूपशहर बस स्टैंड के निकट बिजलीघर के सामने स्थित झुग्गी बस्ती में पहुंचे। जहाँ रह रहे सभी परिवारों के सदस्यों को गुलाल लगाकर मिठाई, पिचकारी आदि के गिफ्ट पैक बाँटकर होली की खुशियाँ मनाईं। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, महासचिव मयूर अग्रवाल, उपाध्यक्ष कपिल राणा आदि ने बच्चों को होली के महत्व और परम्पराओं के बारे में बताते हुए सभी को अपने हाथों से गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ प्रदान कीं। सभी बच्चे संस्था के कार्यकताओं के साथ होली के गीतों पर काफी देर तक जमकर झूमते नाचते रहे, बच्चों के चेहरों पर खुशियाँ बिखरेकर संगठन के कार्यकर्ता भी भरपूर उत्साह और उमंग में भर गए।

# एसपी देहात ने मंदिर एवं गंगा घाट पर किया स्थलीय निरीक्षण




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह द्वारा थाना अहार क्षेत्रान्तर्गत सिद्ध बाबा मंदिर एवं गंगा घाट पर पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गंगा स्नान/मेले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु प्रभावी बैरिकेडिंग व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती कर सेक्टरवार ड्यूटी निर्धारित की गयी है। गंगा घाट पर स्नान के लिए निर्धारित सुरक्षित स्थलों का चिन्हांकन कराया गया है तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध किया गया है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से श्रद्धालुओं को सतर्कता बरतने, बच्चों एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित स्थानों पर ही स्नान करने हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है। घाट क्षेत्र में गोताखोरों एवं जल पुलिस की उपलब्धता सुनिश्चित कर किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सुरक्षा प्रबन्ध किये गये हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने हेतु डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू किया गया है तथा पार्किंग स्थलों का पृथक निर्धारण किया गया है।

# डीएम व एसपी ने होली व रमजान माह को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के क्षेत्रवासियों के साथ की बैठक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने आगमी पर्व होलिका दहन, रंगोत्सव व रमजान माह के दृष्टिगत तहसील मेहदावल व थाना धर्मसिंहवा अंतर्गत ग्राम मुसहरा में प्राथमिक विद्यालय मुसहरा पर ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामवासियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था से संबंधित समीक्षा करते हुए ग्रामीणों का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने होलिका दहन स्थल का भी निरीक्षण किया।

बैठक में अधिकारीद्वय ने ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों से रमजान माह व होली के त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने का आह्वान करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई व्यवस्था/परंपरा की शुरूआत न की जाए, त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित क्षेत्र वासियों/ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय मुसहरा पर शांति व्यवस्था संबंधित बैठक के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में लगभग 250 बच्चों के सापेक्ष केवल एक शिक्षक और एक शिक्षामित्र कार्यरत है, इस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापक बढ़ाने के निर्देश दिए। उपस्थित ग्रामीणों व संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि नियुक्त ग्राम सचिव गांव में नहीं आते हैं या माह में एक-दो बार ही आते हैं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सही हो रहा है तथा विद्यालय में मिड-डे-मील की गुणवत्ता एवं नियमितता भी ठीक है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सौजन्य से होली मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम एक्सन रिसोर्ट गोविंदपुरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉ राजकुमार सांगवान ( सांसद, बागपत लोकसभा ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शोहरतगढ़ से पधारे विधायक विनय वर्मा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉ मंजू शिवाच ( विधायक मोदीनगर ) सुदेश शर्मा (पूर्व विधायक), भास्कर वर्मा (एड्डसीड्डपीड्ड मोदीनगर) व विनोद वैशाली (चेयरमैन नगरपालिका मोदी नगर) रहे। कार्यक्रम संयुक्त रूप से मोदीनगर के अध्यक्ष अमित गोयल व गोविंदपुरी संगठन के अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोदीनगर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्र से व्यापारियों ने शिरकत की फरीदनगर, भोजपुर, निवाड़ी, कादराबाद, सीकरी, सोंदा, गोविंदपुरी व अन्य क्षेत्र के व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

होली मिलन समारोह में वृंदावन से पधारी राधा किशन की झांकी ने सभी गणमान्य लोगों के साथ नृत्य कर कार्यक्रम को भाव भिवोर कर दिया।निर्दोष खटाना, जगदीश मदान, मधुसूदन शर्मा ने सभी व्यापारियों को पट्टके पहनाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अतिथि के रूप में पधारे मशहूर उद्यमी राज डींगरा, संगठन के प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल, डॉ अनिल गर्ग, डॉ पूनम गर्ग, आयुष त्यागी (हिंदू युवा वाहिनी) डॉ एसड्डकेड्ड शर्मा, पंकज भारद्वाज, नितिन बंसल, शगुन स्वीट्स, राकेश गोयल, डॉ अरुण त्यागी, सुशील जैन, अजय ग्रोवर ,राजकुमार खुराना, ललित अरोड़ा ,शालिनी नैयर, सोनिका जैन, रुचि अग्रवाल, डॉ बबली गुर्जर, दिनेश सिंघल, हरीश त्यागी, अतुल वर्मा (निवॉक हॉस्पिटल), मूलचंद गर्ग नवीन जायसवाल, मुन्नू अग्रवाल, अनिल गौतम (जिला पंचायत सदस्य), सोनू कुमार (सभासद) प्रवीण गुर्जर (सभासद) मोहित सोनी अरुण वर्मा (सभासद) गुलाब सिंह (सभासद) सभा रणवीर दहिया, योगेश फफराना, सत्येंद्र तोमर, एडवोकेट सचिन दीक्षित, रविकांत ठाकुर जसवीर चौधरी प्रमोद ठाकुर, बिजेंदर गुप्ता, सोनू गुप्ता, स्वयं गुप्ता, एडवोकेट संजीव गुप्ता ,आशीष विश्नोई आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण बचाने का संकल्पः सौहार्दपूर्ण मिलन में क्लब की अनोखी पहल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** एक सौहार्दपूर्ण मिलन समारोह के अवसर पर क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सोमवार को सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान होटल परिसर में उपस्थित सभी सदस्यों और स्टाफ को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विशेष रूप से पॉलिथीन और पॉलीबैग्स के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इनके उपयोग से पूर्णतः परहेज करने की अपील की गई। इस अवसर पर क्लब की ओर से होटल स्टाफ एवं उपस्थित सभी बहनों को पर्यावरण अनुकूल कपड़े के थैले वितरित किए गए। साथ ही सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे भविष्य में कभी भी पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगी। कार्यक्रम में यह भी प्रतिज्ञा ली गई कि वे जहां भी जाएंगी, अपनी पानी की बोतल साथ लेकर जाएंगी और प्लास्टिक की बोतलों का प्रयोग नहीं करेंगी। क्लब की पूर्व प्रधान श्रीमती अनीता सिंहला ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आग्रह किया कि कचरे को इधर-उधर फेंकने या भूमि भराव स्थलों पर डालने के बजाय उसका उचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति छोटे-छोटे प्रयासों से शुरूआत करे तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण ही आने वाली पीढ़ियों के उज्वल भविष्य की नींव है। हमें अपने बच्चों को ऐसा परिवेश देना चाहिए जहां वे स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जी सकें। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया गया हर कदम समाज की तरक्की का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में यह संदेश भी प्रमुखता से दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि यही किसी भी सकारात्मक परिवर्तन का पहला और महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर क्लब की ओर से श्रीमती सोनिका त्यागी, श्रीमती संतोष गुप्ता एवं श्रीमती उमा गोयल सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।

# माडर्न नर्सरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन





अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर माडर्न नर्सरी स्कूल के प्रगांण में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा तीन से पाँच तक के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं पर्यावरण से संबंधित विभिन्न प्रोजक्ट का प्रदर्शन किया तथा प्रोजक्ट के विषय विस्तार रूप से जानकारी दी। इस प्रदर्शनी का उद्घघाटन सभासद आलोक कौशिक एवं एवं वरिष्ठ अध्यापक अमित शर्मा किया और प्रदर्शनी को देखकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। स्कूल की सभी अध्यापिकाओं की सहयोग हेतू प्रशंसा की।

इस आयोजन में विद्यालय के प्रबंधक डा० प्रदीप भटनागर एवं अंजुला भटनागर तथा प्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जिला एवं महानगर गाजियाबाद इकाई द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी डी शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद हितेशी, राष्ट्रीय सचिव हुकुमचंद शर्मा , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील वत्स, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा, प्रदेश सचिव प्रमोद शर्मा, मेरठ के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा कार्यक्रम के संयोजक जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा महानगर अध्यक्ष नीरज कौशिक जिला महामंत्री लोकेश कौशिक सुशील शर्मा आसाराम शर्मा मंच संचालक मनोज शर्मा प्रीति भारद्वाज निर्मल उपाध्याय डॉक्टर शालिनी शर्मा के अतिरिक्त सैकड़ो महिला व पुरुषों ने कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम सुचारु रूप से आयोजित किया गया। सभी ने होली मिलन कार्यक्रम में अपने-अपने विचार रखें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया कार्यक्रम के उपरांत सुरुचि भोज का आयोजन किया गया।

# रुहेला राजपूत समाज द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**मोदीनगर।** रुहेला राजपूत समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन समाजसेवी कृष्णा रूहेला के आवास, ॐ साई संतपुरा, मोदीनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य बंधुओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की।

होली के पावन अवसर पर रंग, गुलाल, भाईचारे और आपसी प्रेम के वातावरण में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकता, संगठन एवं पारस्परिक सौहार्द को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, परिचर्चा एवं सामाजिक समन्वय की भावना ने सभी के मन को प्रफुल्लित कर दिया।

# श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट मोदीनगर द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर सी लाइन महेंद्र पूरी में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सुंदर सुंदर सांस्कृतिक नृत्य किया गया, फूलों की होली, चंदन तिलक लगाके सबने बड़ी खुशी के साथ होली का त्यौहार प्रेम से बनाया मंडल के संरक्षक पश राम आश्रय शर्मा जी व मंडल के पदाधिकारी रमेश गोयल, पंकज गोयल, कपिल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, शुभांकर गुप्ता, सतीश भडाना, अमित गोयल, मनोज अग्रवाल, अशोक लखेरा, अजय बंसल, जितेंद्र गर्ग, अंकित, सत्यम, कृष्ण बंसल, अरविंद भार्गव, कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण खन्ना, मनोज शर्मा, रविंद्र गिरी, सुशील गोयल, प्रतिभा गोयल, इंदु गुप्ता, श्वेता भडाना, कुसुम लता, प्रीति गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन




वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** प्रेम और सौहार्द के त्यौहार होली के पावन अवसर पर वैश्य समाज मोदीनगर के तत्वाधान में एम एम डिग्री कॉलेज के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वैश्य समाज के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद पूर्व प्रधानाचार्य बृजभूषण बंसल जी, के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्यमी भूपेंद्र अग्रवाल ने की। इस अवसर पर संयोजक देवराज मित्तल कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता संजय सिंघल सुदेश मित्तल नवीन जायसवाल, राजेंद्र गोयल मुकेश गुप्ता सागर मित्तल रविंद्रबंसल, प्रवीण गुप्ता गजेंद्र गुप्ता अनिल गोयल कृष्ण कुमार गुप्ता दीपक अग्रवाल नरेश दानी सर्वेश मित्तल तरुण महेश्वरी अभिषेक गोयल आदि की सहभागिता रही। संचालन महामंत्री डॉ अनुज अग्रवाल ने किया।

# दिव्यांग विधवा सेवा समिति का रंगोत्सवः दिव्यांगों संग गूंजा होली मिलन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित बजरिया सिंह सभा गुरुद्वारा के सामने दिव्यांग विधवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग जनों और विधवा माताओं-बहनों के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रंग-गुलाल, फूलों की वर्षा और आपसी भाईचारे का अनूठा दृश्य देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग दिव्यांग जन राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल रहे। आर न्यूज नेटवर्क चैनल के चीफ एडिटर प्रवीण अरोड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत चंदन के तिलक और फूलों की मालाओं से किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के साथ त्योहार मनाना ही सच्चे अर्थों में सामाजिक समरसता का परिचायक है।

कार्यक्रम में सरदार कुलविंदर सिंह उर्फ विक्की ओबेरॉय, सरदार हरिंदर सिंह ओबेरॉय, कन्हैया लाल शर्मा, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रितेश कसाना, डॉ. दयावती, सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, पवन सहलोत, राहुल गोयल, पवन कश्यप सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। पत्रकार अभिषेक शर्मा, अली खान और सुनील शर्मा सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने दिव्यांग जनों के साथ रंग खेलकर उत्सव की गरिमा बढ़ाई। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव सुरेश चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव त्यागी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रजनी पांचाल, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनीता तथा अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। जिला अध्यक्ष रवि राव सहित अनेक पदाधिकारियों और सदस्यों ने दिव्यांग जनों व विधवाओं के साथ होली खेलकर उन्हें सम्मान और अपनत्व का एहसास कराया।

# गौतमबुद्ध नगर में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन का 68वां स्थापना दिवस मनाया, सदस्यता अभियान चलाया



राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**ग्रेटर नोएडा/गौतमबुद्ध नगर।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनपद गौतमबुद्ध नगर की मजलिस यूनिट की ओर से जिला अध्यक्ष फहीम भाटी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया गया और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान दर्जनों साथियों ने मजलिस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष फहीम भाटी ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने पार्टी की विचारधारा से नए साथियों को अवगत कराते हुए संगठन को जिले में और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।इस खास मौके पर जिला कमेटी के पदाधिकारी भूरा खान मेवाती, एडवोकेट एम.एफ. कुरैशी, रफीक कुरैशी, फौजी बिट्टू पंडित जी, नासिर अब्बास, शकील कुरैशी, इमरान सलमानी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकताओं ने अपने-अपने विचार रखे और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में होलिका पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में होलिका पर्व पारंपरिक विधि से उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और सौहार्द से सराबोर रहा। शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली गीतों का आनंद लिया। पर्व के अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजन एवं मिठाइयों का विशेष प्रबंध किया गया। अध्यक्ष डॉ संदीप रुहेला, प्रबंधिका रितु गोयल के सानिध्य तथा प्रधानाचार्या सलोनी पंवार के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रंग-बिरंगे गुलाल से सजे चेहरे भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत कर रहे थे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में 303 नन्हे कलाकारों ने मंच पर बिखेरी प्रतिभा

## सब्जियों के महत्व पर आधारित नाटक ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता






**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को प्रारंभिक कक्षाओं (नन्हे वर्ग) का सांस्कृतिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्री-नर्सरी, नर्सरी और के.जी. के कुल 303 नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया गया, जिससे अधिक से अधिक अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुति का आनंद ले सके। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. सारिका जैन एवं डॉ. सुभाष जैन रहे। विद्यालय की कार्यकारी प्रधान सुश्री सुजैन होम्स ने उपस्थित अभिभावकों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक समारोह सामूहिक प्रयासों का परिचायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ नाटक की तैयारी की झलक दिखाकर किया गया, जिसमें बच्चों के अभ्यास और परिश्रम को दशार्या गया। इसके बाद मुख्य नाटक 'सुपरमार्केट से सब्जियों की कहानीइ प्रस्तुत किया गया। यह नाटक हमारी दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सब्जियों पर आधारित था। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि जिन सब्जियों को हम अपने भोजन में शामिल करते हैं, वे हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी आवश्यक हैं। नाटक में टमाटर, गाजर, पालक और अन्य सब्जियों का रूप धारण किए नन्हे कलाकारों ने अभिनय, संवाद और नृत्य के माध्यम से संतुलित आहार का महत्व समझाया। बच्चों की मासूम अदाकारी और आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया। उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया।

कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इससे उपस्थित जनसमूह को विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी मिली।

विद्यालय के निदेशक डॉ. अरुणाभ सिंह ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट अभिनय की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच बच्चों में आत्मविश्वास, समूह में कार्य करने की भावना और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करते हैं, जो उनके जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। समारोह के अंत में प्रारंभिक कक्षाओं की प्रधानाचार्या सुश्री पारुल सिंधवानी ने अभिभावकों और अध्यापिकाओं के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है।

# राजनगर सेक्टर-1 में धूमधाम से मनाया गया होली महोत्सव








**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राजनगर सेक्टर-1 में टीम आरडब्ल्यूए सेक्टर-1, राजनगर गाजियाबाद द्वारा होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

आयोजन की सफलता के लिए आरडब्ल्यूए के समस्त पदाधिकारियों को क्षेत्रवासियों ने हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेरठ की श्री हरमिलाप संकीर्तन मंडल द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या रही, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों और संकीर्तन ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया गया। अंत में आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# भारतीय किसान यूनियन अमर (टिकैट) द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** प्रताप विहार राष्ट्रीय कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अमर टिकैत के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सरदाना एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी फिदा हुसैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी को संदेश दिया कि यह पर्व मिलजुल करके मनाया जाता है, आपसी सद्भावना और प्यार की पहचान है।

इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी फिदा हुसैन ने कहा कि हमारा देश गंगा जमुना तहजीब को मानता है और यहां पर आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। सभी लोग इस त्यौहार को मिलजुल करके एकता के साथ मनाएं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव चौधरी ने कहा कि यह संगठन एक परिवार है, और इसमें सभी एक समान हैं। पद तो सिर्फ एक पहचान है लेकिन हम सभी एक हैं और किसी को कोई भी समस्या हो तो वह हमसे आकर के बताएं हम उस समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गाजियाबाद जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यगण को संबोधित करते हुए कहा कि, यह त्यौहार आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। अगर क्षेत्र में किसी को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह जाकर के संगठन के किसी भी पदाधिकारी से संपर्क कर सकता है और हम उसे समस्या के निराकरण के लिए सरकार प्रशासन से मिलकर के समस्या का समाधान करेंगे।

इस अवसर पर आशु चौधरी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हाजी पाली, पिंटू ठाकुर, तालिब साहब, मंसूर अख्तर, शहजाद चौधरी, नरेश दीपा गीता चौधरी प्रमिला अध्यक्ष पूजा वर्मा सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे। इस प्रोग्राम का नेतृत्व किशोर चौधरी एवं योगेश शर्मा ने किया।।

# शिक्षा मंदिर के होली मिलन समारोह में उमड़ा उत्साह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित बद्रीनाथ पार्क में सोमवार को शिक्षा मंदिर की संचालिका ममता गर्ग द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और रंगों की उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और बच्चों की बड़ी संख्या ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत रंग-गुलाल और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने के साथ हुई। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने उपस्थित सभी लोगों को होली की बधाई दी और शिक्षा मंदिर में अध्ययनरत बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर शिक्षाविद दिनेश कुमार शर्मा ने कविता के माध्यम से होली के संदेश को प्रस्तुत किया। उनकी रचना ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया और वातावरण में साहित्यिक रंग भी घोल दिया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और रंगों के इस पर्व का आनंद उठाया। समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटियार, शैलजा अग्रवाल, सविता शर्मा, राजेश तिवारी, इंदु तिवारी, अमित अरोड़ा, राहुल, गौरव, ज्योति, उषा और पूनम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर होली की खुशियां साझा कीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

# ईरान/इराक में रह रहे गाजियाबाद के नागरिकों का विवरण उपलब्ध कराने की अपील

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ईरान/इराक क्षेत्र में वर्तमान युद्ध एवं सुरक्षा-संघर्ष की गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद गाजियाबाद के जिला प्रशासन ने जनहित में एक महत्वपूर्ण अपील जारी की है। प्रशासन ने कहा है कि ऐसे नागरिकों का विवरण तत्काल उपलब्ध कराया जाए, जो वर्तमान में ईरान अथवा इराक में निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए या किसी कारणवश वहां फंसे हुए हैं, अथवा हाल ही में वहां से भारत लौटे हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार इस जानकारी का उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना, त्वरित संपर्क एवं समन्वय स्थापित करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है। किसी भी संभावित आपात स्थिति में


Rahat UP
@rahat_up

इरान युद्ध स्थिति को देखते हुए, यदि उत्तर प्रदेश के किसी निवासी को सहायता की आवश्यकता हो तो उसके परिजन 1070 हेल्प लाइन पर या अपने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से संपर्क कर सकते है ।

युद्ध क्षेत्र में फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सहायता हेतु उत्तर प्रदेश सरकार का राहत आयुक्त कार्यालय आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

@CMOfficeUP | @ChiefSecyUP | @InfoDeptUP | @uptrafficpolice | @UPPViralCheck | @uptrafficpolice | @112UttarPradesh | @ndmaindia | @UP_SDMA | @myogiadityanath | @myogioffice

Translate post

प्रशासन द्वारा शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए यह जानकारी अत्यंत आवश्यक बताई गई है।

प्रशासन ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार का कोई सदस्य, रिश्तेदार या परिचित उपर्युक्त देशों में मौजूद है तो उसका विवरण निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। निर्धारित प्रारूप में संबंधित व्यक्ति का पूरा नाम, पता, पासपोर्ट विवरण, संपर्क नंबर, वर्तमान स्थान एवं अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। उक्त विवरण संबंधित तहसील कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित माध्यम से अविलंब उपलब्ध कराया जाए, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक समन्वय एवं सहायता प्रभावी ढंग से की जा सके।

यह सूचना जनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से जारी की गई है। अधिक जानकारी एवं विवरण उपलब्ध कराने के लिए निम्न अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है– श्री सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गाजियाबाद, मोबाइलः 8528180592 , वैभव पाण्डेय, आपदा विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गाजियाबाद, मोबाइलः 8127652559 ।

## होली पर सोमवार-मंगलवार सुबह 11 बजे तक ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे जारी

**गाजियाबाद।** होली के अवसर पर तीन दिन के अवकाश को ध्यान में रखते हुए जिले के सरकारी अस्पतालों के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया गया है। प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार सोमवार और मंगलवार को अस्पतालों की सामान्य ओपीडी सुबह 11 बजे तक ही संचालित होगी। हालांकि आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि त्योहार के दौरान मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। अस्पतालों में आवश्यक जांच, दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित की गई है। इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति सेवाएं और गंभीर मरीजों के उपचार की व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी के लिए विशेष रोस्टर तैयार किया गया है, ताकि अवकाश के दौरान भी चिकित्सा सेवाओं में कोई बाधा न आए।

# रंग-बिरंगे परिधानों से सजा परिसर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** सिहानी स्थित शहीद मेमोरियल विद्या केंद्र का 45वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों की चहक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज से जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को भारतीय संस्कृति के रंग में सराबोर कर दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान पीठाधीश्वर, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय के संस्थापक स्वरूप चंद शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्र, फूलमाला एवं पवित्र रामायण भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी अतिथियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में देशभक्ति गीत, नृत्य-नाटिका, समूह नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और सृजनात्मकता का भी केंद्र है। कार्यक्रम के दौरान 'भारत का स्वर्णिम गौरव शहीद मेमोरियल विद्या केंद्र लाएगाइ का संदेश गूंजता रहा। मुख्य अतिथि बीके शर्मा हनुमान ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों से ही किसी संस्था का विकास संभव है। उन्होंने शिक्षा को समाज का दर्पण और बच्चों को राष्ट्र का आधार स्तंभ बताते हुए कहा कि गुरु के सानिध्य में अर्जित ज्ञान जीवन को नई दिशा देता है। शिक्षा बुझते दीपक में आशा की रोशनी जगाती है, डूबती कश्ती को किनारा दिखाती है और राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र–खेल, चित्रकला, वाद-विवाद एवं शैक्षणिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अति विशिष्ट अतिथि श्री जेपी कश्यप, पूर्व महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं समाजसेवी, ने की। समारोह में प्रदीप त्यागी (सदस्य रेलवे बोर्ड), राजीव त्यागी (डायरेक्टर एमपीएस पब्लिक स्कूल), रामेश्वर निर्माण, सुरेश सैनी, श्रीमती स्मिता मिश्रा, सुमित त्यागी, मनोज त्यागी, श्रीमती सुमन लता पाल (पार्षद), प्रेमचंद त्यागी (पूर्व पार्षद नगर निगम गाजियाबाद), नितिन कुमार (पार्षद नगर निगम), मदन पंडित (समाजसेवी), डॉ. अनिल त्यागी (सदस्य त्यागी ब्राह्मण समाज), डॉ. देवेंद्र शर्मा, वीरेंद्र त्यागी, श्रद्धानंद त्यागी, डॉ. बृजपाल शर्मा (डायरेक्टर वृंदावन अस्पताल), रमेश चंद शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, संतोष शर्मा, अनुज आचार्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर भ्रमण के दौरान हरित पट्टी पर अवैध कब्जे पर महापौर सख्त

## लोहिया नगर फ्लाईओवर के नीचे मजार के पास दुकान लगाकर स्थायी कब्जे की कोशिश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** शहर भ्रमण के दौरान लोहिया नगर फ्लाईओवर के नीचे स्थित हरित पट्टी पर अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधि संचालित किए जाने का मामला सोमवार को सामने आने पर महापौर ने कड़ा रुख अपनाया। सार्वजनिक स्थल पर कब्जे की कोशिश देखकर उन्होंने मौके पर ही वाहन रुकवाकर संबंधित लोगों को स्पष्ट चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे स्थित हरित पट्टी पर एक मजार के पास पहली बार एक महिला द्वारा चादर और प्रसाद की दुकान लगाई गई थी। आरोप है कि दुकान लगाने के साथ ही वहां स्थायी रूप से कब्जा करने की मंशा से रहने की व्यवस्था भी कर ली गई थी। मौके पर दानपात्र, अगरबत्ती और अन्य धार्मिक सामग्री रखकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने उपस्थित पुरुष और उसकी माँ से कड़े शब्दों में कहा कि सार्वजनिक हरित पट्टी पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर स्वेच्छा से उक्त स्थल को पूरी तरह खाली कर दिया जाए, अन्यथा नगर निगम नियमानुसार कार्रवाई करेगा। महापौर ने कहा कि शहर की हरित पट्टियां पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए होती हैं। इन स्थानों पर अतिक्रमण न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों का भी हनन है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के बाद स्थल का पुनः निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। नगर निगम की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर हरित पट्टी को खाली नहीं किया गया तो बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाया जाएगा। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# आईटीएस कॉलेज में रंगों की बौछार, हर्षोल्लास से मनाया गया होली महोत्सव

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस कॉलेज मुरादनगर में सोमवार को होली पर्व के उपलक्ष्य में संस्थान के फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों के लिए भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया गया। रंगों और उमंग से सराबोर इस आयोजन में सभी ने पारंपरिक उल्लास के साथ त्योहार का आनंद लिया। होली भारतीय सभ्यता और संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जो फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। इसी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए संस्थान ने आपसी सौहार्द और एकता के संदेश के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संस्थान सदैव अपने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न त्योहारों को उत्साहपूर्वक मनाता रहा है। ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि आपसी संबंधों को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों को होली को प्रेम, सद्भाव और खुशी के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके परिवारजनों को भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से सभी के लिए दोपहर भोज की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सचिव श्री भूषण कुमार अरोड़ा, निदेशक (जनसंपर्क) श्री सुरिंद्र सूद तथा आईटीएस कॉलेज के डेंटल, फिजियोथेरेपी एवं फामेर्सी कॉलेज के निदेशक-प्राचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी, प्राचार्य डॉ. एम. थंगराज एवं निदेशक डॉ. एस. सादिश सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, रंगों की छटा और आत्मीयता का वातावरण बना रहा।

अंत में सभी स्टाफ सदस्यों ने सफल आयोजन के लिए चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन संस्थान में आपसी सहयोग, सांस्कृतिक परंपराओं और सामूहिकता की भावना को और अधिक मजबूत करने वाला साबित हुआ।

## आरडब्ल्यूए ने लगाया एक हजार रुपये जुमार्ने का प्रावधान, जगह-जगह लगाए पोस्टर

**साहिबाबाद।** वैशाली सेक्टर–3 एफ में सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ अब रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। लाख समझाने के बावजूद सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर अब एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। इस संबंध में रविवार को क्षेत्र में चेतावनी स्वरूप पोस्टर भी लगवाए गए हैं, ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और नियमों का पालन करें। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि सेक्टर–3 एफ में राह चलते कुछ लोग अपने घरों का कूड़ा सड़क किनारे डालकर चले जाते हैं। इससे क्षेत्र में जगह–जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और कुछ स्थान ऐसे बन गए हैं जहां नियमित रूप से कचरा डाला जाता है। कई बार समझाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद अब सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कूड़ा फेंकने वालों की पहचान के लिए कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इसके अलावा स्थानीय निवासी भी निगरानी में सहयोग करेंगे, ताकि मौके पर किसी को कूड़ा डालने से रोका जा सके। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उस पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।